20 अक्टूबर 2026 मंगलवार
वर्ष : 22 अंक: 19
पृष्ठ : 8
लखनऊ
राजधानी संस्करण
मूल्यः 2.00 रुपए

लोक हस्तक्षेप

Power Of Truth
हिन्दी दैनिक

www.facebook.com/lokhastakshep www.twitter.com/lokhastakshep /Lokhastakshep /Lokhastakshep
www.lokhastakshep.com

नारी गरिमा से खिलवाड़ स्वीकार नहीं : योगी

लखनऊ,संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो समाज जगत जननी मां भगवती का उपासक है, वहां नारी गरिमा के विपरीत आचरण की कोई जगह नहीं हो सकती। सनातन परंपरा ने सदैव मातृशक्ति की सुरक्षा, सम्मान और गरिमा को सर्वोच्च स्थान दिया है। नवरात्रि में कन्याओं का पूजन इसी भाव का प्रतीक है। सरकार ने इस परंपरा को केवल धार्मिक अनुष्ठानों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को शासन–प्रशासन की कार्यप्रणाली का हिस्सा बनाया है। मिशन शक्ति अभियान इसी संकल्प से प्रेरित है। मुख्यमंत्री सोमवार को शारदीय नवरात्रि की महानवमी पर गोरखनाथ मंदिर में कन्या पूजन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।जगत जननी मां भगवती का नवम स्वरूप सभी सिद्धियां प्रदान करने वाला है। महानवमी पर कन्या पूजन के माध्यम से सनातन धर्मावलंबी मातृशक्ति के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हैं। बासंतिक और शारदीय नवरात्रि की परंपरा नारी के प्रति सर्वोच्च सम्मान का संदेश देती है। गोरखनाथ मंदिर की इस पावन परंपरा से जुड़कर कन्याओं का पूजन और उन्हें भोजन कराने का अवसर मिलना उनका सौभाग्य है। नारी सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। प्रदेश के प्रत्येक थाने में महिला हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।

महिलाओं की समस्याओं के समाधान के लिए अलग कक्ष की व्यवस्था है, जहां महिला बीट पुलिस अधिकारी अथवा उपनिरीक्षक स्तर की महिला अधिकारी उनकी समस्याएं सुनती हैं।

भ्रामक सामग्री पर निगरानी बढ़ाने और सार्वजनिक व्यवस्था बिगाड़ने वाली पोस्ट पर कार्रवाई करे मेटा:आईटी मंत्रालय

एजेंसी,नयी दिल्ली। केंद्र सरकार ने फेसबुक और इंस्टाग्राम की पैरेंट कंपनी मेटा को अपने कंटेंट रिकमेंडेशन सिस्टम की समीक्षा करने का निर्देश दिया है। सरकार चाहती है कि इन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर यूजर्स को किसी एक या सीमित विचारधारा से जुड़ी सामग्री बार–बार दिखाने के बजाय विभिन्न दृष्टिकोणों और विचारों से संबंधित कंटेंट तक पहुंच मिल सके। इसके साथ ही भ्रामक सूचनाओं पर निगरानी बढ़ाने और सार्वजनिक व्यवस्था को प्रभावित करने वाली पोस्ट के खिलाफ समय रहते कार्रवाई करने पर जोर दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से 10 अक्टूबर को जारी एडवाइजरी में मेटा को कंटेंट की पहचान, उसकी प्रस्तुति और प्रसार से जुड़े तौर–तरीकों पर ध्यान देने को कहा गया है। सरकार की यह पहल ऐसे समय सामने आई है, जब सोशल मीडिया पर राजनीतिक घटनाओं और प्रदर्शनों से जुड़ी सामग्री के प्रसार को लेकर बहस जारी है। सरकार ने मेटा से अपने कंटेंट रैंकिंग और रिकमेंडेशन सिस्टम की समीक्षा करने को कहा है। रिकमेंडेशन सिस्टम वह तकनीक है, जिसके माध्यम से किसी यूजर की रुचि, गतिविधियों और अन्य संकेतों के आधार पर उसे पोस्ट, वीडियो या दूसरी सामग्री दिखाई जाती है। मंत्रालय की सलाह का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इस प्रक्रिया के कारण यूजर्स को केवल किसी खास नैरेटिव या विचारधारा से जुड़ी सामग्री तक सीमित न रहना पड़े। मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, एजेंसियों ने शिकायत की थी कि मेटा के प्लेटफॉर्म पर विभिन्न विचारों को समान रूप से बढ़ावा नहीं मिल रहा है।

टाइगर श्रॉफ फायरिंग केस में गिरफ्तार रेहान का पुराना रिकॉर्ड आपराधिक

एजेंसी,कोटा। बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ से जुड़े फायरिंग मामले में गिरफ्तार गांव देवडू निवासी रेहान पहले भी अवैध हथियार रखने के मामले में पकड़ा जा चुका है। उसे 19 अगस्त, 2026 को गोहाना में इस मामले में गिरफ्तार किया गया था। राजस्थान के कोटा से रेहान की गिरफ्तारी हुई है। मामले में एक नाबालिग को भी गिरफ्तार किया गया है। रेहान अपनी मां समसीदा, छोटे भाई और मौसी अफसाना के साथ रहता था। उसकी मां एक निजी कंपनी में काम करती है। मौसी अफसाना के मुताबिक, रेहान करीब 12 साल पहले अपने पिता से अलग हो गया था। नौवीं कक्षा में फेल होने के बाद उसने पढ़ाई छोड़ दी थी। जेल से छूटने के बाद वह वेल्डिंग का काम करने लगा था। परिजनों के मुताबिक, रेहान ईद मनाने घर आया था। इसके बाद वह काम पर जाने की बात कहकर घर से निकल गया। परिवार ने उसे पहले भी गलत संगत से दूर रहने और अपराध में शामिल न होने की नसीहत दी थी, लेकिन उसने उनकी बात नहीं मानी।

लालकृष्ण आडवाणी के स्वास्थ्य में सुधार

एजेंसी,नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को स्वास्थ्य में सुधार के बाद सोमवार को दिल्ली के एक अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। आडवाणी को सीने में संक्रमण के कारण 16 को इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका इलाज न्यूरोलॉजी विभाग के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. विनीत सूरी की देखरेख में किया जा रहा था। अस्पताल की ओर से जारी बयान के अनुसार, उनकी तबीयत में सुधार हुआ है। अस्पताल ने इससे पहले बताया था कि 98 वर्षीय नेता को गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) मेंरखा गया, जहां उनकी हालत स्थिर और चिकित्सकीय निगरानी में थी। सूत्रों के अनुसार, आडवाणी को शुक्रवार शाम करीब साढ़ेसात बजेअस्पताल मेंभर्ती कराया गया था। आडवाणी कई बार भाजपा के अध्यक्ष रहे और 2002 से 2004 तक उपप्रधानमंत्री पद पर रहे। उन्होंने भाजपा को एक प्रमुख राष्ट्रीय राजनीतिक शक्ति के रूप में स्थापित करने में अहम भूमिका निभाई।

राष्ट्रीय जल विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग तेज करेगी बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति : प्रवीण

समिति की खागा में बैठक, 10 नवंबर को मनाया जाएगा फतेहपुर स्थापना दिवस

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

खागा (फतेहपुर)। बुन्देलखण्ड राष्ट्र समिति फतेहपुर में राष्ट्रीय जल विश्वविद्यालय की स्थापना की मांग को आगे बढ़ाएगी। समिति की महत्वपूर्ण बैठक केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय 'बुन्देलखण्डी' के नेतृत्व में खागा में संपन्न हुई। बैठक में 'मेरी माटी, मेरा तीर्थ, मेरा फतेहपुरकृमैं ही संवारूंगा' अभियान के एक वर्ष पूर्ण होने पर जनपद के समग्र विकास और आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की गई।

समिति के प्रदेश अध्यक्ष यज्ञेश गुप्ता ने कहा कि फतेहपुर के समग्र विकास के लिए समाज के सभी वर्गों की भागीदारी जरूरी है। समिति के प्रवक्ता देवव्रत त्रिपाठी ने बताया कि 10 नवंबर को फतेहपुर स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इसके माध्यम से जनपद की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत के संरक्षण के साथ विकास के प्रति जनजागरण किया जाएगा। राम प्रसाद विश्वकर्मा ने भी अभियान के उद्देश्यों पर विचार रखे।

जल विश्वविद्यालय से शिक्षा और रोजगार को मिलेगा बढ़ावा

केंद्रीय अध्यक्ष प्रवीण पाण्डेय 'बुन्देलखण्डी' ने कहा कि गंगा और यमुना के दोआब में स्थित फतेहपुर में राष्ट्रीय जल विश्वविद्यालय की स्थापना से शिक्षा, शोध, रोजगार, कृषि और जल संरक्षण के क्षेत्र में नई संभावनाएं विकसित हो सकती हैं। प्रस्तावित विश्वविद्यालय में जल विज्ञान, जल संसाधन प्रबंधन, पर्यावरण विज्ञान और जल कानून जैसे विषयों में उच्च शिक्षा एवं शोध की सुविधाएं विकसित करने की परिकल्पना है।

उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के अवसर मिल सकते हैं। साथ ही किसानों को आधुनिक सिंचाई तकनीक, वर्षाजल संचयन, भूजल संरक्षण और तालाबों के पुनर्जीवन से संबंधित वैज्ञानिक शोध का लाभ मिलने की संभावना है।

2047 तक विकसित फतेहपुर बनाने का लक्ष्य

समिति की ओर से 12 अक्टूबर को फतेहपुर नगर में 'समग्र फतेहपुर विमर्श' संपन्न हो चुका है। अभियान के तहत जनपद के विभिन्न वर्गों से सुझाव लेकर 'आकांक्षी जनपद फतेहपुर/2047 विजन डॉक्यूमेंट' तैयार करने की योजना है।

इसमें जिले की तीन तहसीलों, छह विधानसभा क्षेत्रों, दो नगर पालिका परिषदों, आठ नगर पंचायतों, 13 विकास खंडों तथा न्याय पंचायतों और ग्राम पंचायतों से जुड़े विकास संबंधी मुद्दों को शामिल करने का लक्ष्य है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कृषि, उद्योग, जल संरक्षण और पर्यावरण जैसे विषयों को विकास की प्राथमिकताओं में शामिल किया जाएगा।

प्रवीण पाण्डेय ने कहा कि फतेहपुर का विकास जनभागीदारी और सामूहिक प्रयासों से ही गति पकड़ सकता है। अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़कर जनपद के भविष्य के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करना है। उन्होंने लोगों से अपनी माटी, विरासत और आने वाली पीढ़ियों के बेहतर भविष्य के लिए अभियान में सहभागी बनने का आह्वान किया।

मुख्य रूप से राम प्रसाद विश्वकर्मा, बी के सिंह, शैलेन्द्र तिवारी, जय प्रकाश, रघुनाथ, लवलेश, जितेन्द्र, धीरज, अतुल साहू, प्रमिल कुमार, पुष्पित यादव, विकास सिंह आदि रहे स

बाइक से गिरकर महिला की मौत : पति के साथ बिठूर से दर्शन कर लौट रही थी, रास्ते में हुआ हादसा

लोक हस्तक्षेप समाचार

उन्नाव। बिठूर से दर्शन कर पति के साथ बाइक से घर लौट रही महिला सोमवार दोपहर अचानक बाइक से गिर गई। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पति उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

मृतका की पहचान अचलगंज थाना क्षेत्र के आटा बंथर गांव निवासी सावित्री 42 वर्ष पत्नी रामसरन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सावित्री सोमवार को अपने पति के साथ बाइक से बिठूर दर्शन करने गई थीं। दर्शन के बाद दोनों बाइक से घर लौट रहे थे।बताया जा रहा है कि दोपहर करीब तीन बजे रास्ते में सावित्री अचानक बाइक से नीचे गिर गईं। हादसे में उनके सिर समेत शरीर में गंभीर चोटें आईं। पति रामसरन ने उन्हें तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद सावित्री को मृत घोषित कर दिया। बाइक चला रहे रामसरन को हादसे में चोट नहीं आई।सावित्री की मौत की खबर मिलते ही परिवार में मातम छा गया। मृतका की एक बेटी है। मां की मौत के बाद बेटी और अन्य परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि उनका गांव जिला मुख्यालय से करीब 15 किलोमीटर दूर है।

महिला किन परिस्थितियों में चलती बाइक से गिरी, इसकी स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आ सकी है। पुलिस ने मामले की जानकारी जुटाने के साथ आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।

साकेत धाम में गूंजा जय श्रीराम का जयघोष, ताड़का वध से पुष्प वाटिका मिलन तक सजी रामलीला

लोक हस्तक्षेप समाचार

उन्नाव। साकेत धाम श्री रामलीला मैदान में मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की लीलाओं का भव्य मंचन श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में संपन्न हुआ। शाम सात बजे आरती के साथ शुरू हुई रामलीला में ताड़का वध, अहिल्या उद्धार और पुष्प वाटिका में प्रभु श्रीराम एवं माता सीता के प्रथम मिलन के प्रसंगों का मंचन किया गया। रामकथा के इन प्रसंगों ने धर्म की विजय, करुणा, प्रेम और मर्यादा का संदेश दिया।ताड़का वध के प्रसंग में प्रभु श्रीराम के शौर्य और ऋषि मुनियों की रक्षा का प्रभाव शाली चित्रण किया गया। अहिल्या उद्धार की लीला में प्रभु की कृपा, दया और करुणा का भावपूर्ण दृश्य प्रस्तुत हुआ। वहीं, पुष्प वाटिका में श्रीराम और माता सीता के प्रथम मिलन का प्रसंग विशेष आकर्षण बना। इन लीलाओं के माध्यम से दर्शकों को भगवान श्रीराम के आदर्शों और भारतीय संस्कृति की गौरवशाली परंपरा से परिचित कराया गया।साकेत धाम श्री रामलीला कमेटी के अध्यक्ष संजय राठी और महामंत्री शशांक अवस्थी के नेतृत्व में महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन में वरिष्ठ उपाध्यक्ष चंद्र प्रकाश अवस्थी, जगन्नाथ यात्रा के अध्यक्ष राम प्रकाश चौरसिया, संगठन मंत्री कु. अजय सिंह, उपाध्यक्ष जसमीत सिंह, कोषाध्यक्ष जगदीश महेश्वरी, प्रबंधक संजीव गुप्ता उर्फ राजा भैया तथा व्यवस्था प्रमुख कौशल किशोर यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही।इसके अलावा संयुक्त मंत्री इंद्र प्रकाश अवस्थी, विनोद शर्मा, कृष्ण प्रिया मोती श्याम, शशिकांत गुप्ता, सुरेंद्र कुमार वर्मा और अनिल गुप्ता (भोला) भी आयोजन से जुड़े पदाधिकारियों एवं सदस्यों में शामिल हैं। इस अवसर पर पत्रकार प्राचीन मिश्रा, डॉ. मनीष सिंगर और श्याम जी गुप्ता भी मौजूद रहे।साकेत धाम श्री रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित महोत्सव का उद्देश्य प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जन–जन तक पहुंचाना और धार्मिक आस्था के साथ सांस्कृतिक परंपराओं को सशक्त बनाना है। रामलीला के प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को सत्य, धर्म, करुणा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी।

सीतापुर भाजपा महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनीं कुसुम सिंह

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी ने कुसुम सिंह को महिला मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर कुसुम सिंह ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। कुसुम सिंह ने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है, उसके लिए वह शीर्ष नेतृत्व और संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों की हृदय से आभारी हैं। उन्होंने सीतापुर के भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला के प्रति विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह उनके विश्वास और सहयोग के लिए हृदय की गहराइयों से धन्यवाद देती हैं।

उन्होंने कहा कि संगठन की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगी। महिला मोर्चा के माध्यम से महिलाओं को संगठन से जोड़ने उनकी भागीदारी बढ़ाने और जनहित से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने की दिशा में काम करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

हरदोई,संवाददाता। मल्लावां–गौसगंज मार्ग पर सोमवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। हादसा कटरा गौसगंज के पास हुआ, जहां अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान कासिमपुर थाना क्षेत्र के बेहसार गांव निवासी संगीत और अनुराग के रूप में हुई है। दोनों युवक मल्लावां में बोरिंग का काम खत्म कर बाइक से अपने घर लौट रहे थे। हादसे की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में चीख–पुकार मच गई। जानकारी के अनुसार, संगीत और अनुराग मल्लावां में बोरिंग का काम करने के बाद बाइक से अपने गांव बेहसार जा रहे थे। इसी दौरान कटरा गौसगंज के पास उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के दौरान अनुराग सड़क किनारे स्थित तालाब में जा गिरा। राहगीरों की मदद से उसे तालाब से बाहर निकाला गया। इसके बाद दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोनों युवकों की मौत की खबर जैसे ही उनके घर पहुंची, परिवार में कोहराम मच गया।

घर लौटने का इंतजार कर रहे परिजनों को जब हादसे की जानकारी मिली तो उनकी खुशियां मातम में बदल गईं। परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल है।

छात्रा ने फंदे से लटककर दी जान, परिवार में मचा कोहराम

कमरे का दरवाजा अंदर से बंद होने पर हुई जानकारी, पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच में जुटी

लोक हस्तक्षेप समाचार

उन्नाव। जिले के असोहा थाना क्षेत्र के रानीपुर गांव में रविवार देर रात एक 21 वर्षीय युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटककर जान दे दी। युवती का शव घर के आंगन में लगे जाल से फंदे पर लटका मिला। घटना की जानकारी होने पर परिवार में चीख–पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।पुलिस के अनुसार, रानीपुर गांव निवासी स्वाति 21 वर्ष पुत्री सर्वेश कुशवाहा का शव घर के अंदर आंगन में लगे जाल से लटका मिला। बताया गया कि घटना के समय कमरे का दरवाजा अंदर से

बंद था। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुलने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई। इसके बाद जानकारी सामने आने पर परिवार में कोहराम मच गया।घटना की सूचना मिलने पर असोहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच–पड़ताल की। पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया। पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। सोमवार को पोस्टमार्टम कराए जाने की बात कही गई है। पुलिस का कहना है कि मामले में आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है।

परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, स्वाति गांव के ज्ञानोदय स्कूल में पढ़ती थी। इसके साथ ही वह भवानीगंज में भी पढ़ाई कर रही थी। युवती ने किन परिस्थितियों में यह कदम उठाया, फिलहाल इसकी वजह स्पष्ट नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के संबंध में स्थिति और स्पष्ट हो सकेगी।

प्रदेश में अनोखी पहल : जनगणना कार्य पूरा करने पर 28 शिक्षकों को ईओ ने किया सम्मानित

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

खागा, फतेहपुर। नगर पंचायत खागा में शनिवार को पूरे प्रदेश के लिए एक अनोखी पहल हुई। अधिशासी अधिकारी देवहूती पांडेय ने जनगणना–2027 के प्रथम चरण के मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना कार्य को समय से और सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 28 प्रगणक और पर्यवेक्षकों को सम्मान समारोह आयोजित कर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यालय आदर्श नगर पंचायत खागा द्वारा जारी पत्र जारी कर खंड शिक्षा अधिकारी ऐरायां व विजयीपुर को निर्देशित किया गया था कि संबंधित शिक्षकों को 17 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे नगर पंचायत कार्यालय में उपस्थित कराया जाए। समारोह में ईओ देवहूती पांडेय ने कहा कि शिक्षक, शिक्षामित्रों ने बड़ी मेहनत और निष्ठा से जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को अंजाम दिया है। ऐसे कर्मठ शिक्षकों का सम्मान करना जरूरी है, ताकि उनका मनोबल बढ़े। उन्होंने सभी के कार्य की सराहना करते हुए आगे भी इसी तरह कार्य करने का आह्वान किया।

ये हुए सम्मानित :

नगर पंचायत द्वारा कुल 28 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। जिसमें पर्यवेक्षक के रूप में आशीष कुमार प्रा.वि. सरसई बुजुर्ग, सुनैना सिंह प्रा.वि. कटखेरवा और ममता सिंह प्रा.वि. हरदों शामिल हैं।

वहीं प्रगणक के रूप में विनीता देवी प्रा.वि. बहादुरपुर खागा, सुनीता यादव प्रा.वि. उमरा, आदित्य कुमार प्रा.वि. तिलकापुर, शबनम बेगम प्रा.वि. कुकरा, रूमा देवी प्रा.वि. लोकियापुर, बीना दुबे प्रा.वि. त्रिलोचनपुर, राहुल सिंह प्रा.वि. संग्रामपुर सानी, सूरज कुमार सोनी कं.वि. काही, गरिमा सिंह प्रा.वि. बहलोलपुर ऐलई, शिवानी तिवारी कं.वि. हरदो द्वितीय, पुष्पा देवी प्रा.वि. बासदेवपुर, बबिता गुप्ता कं.वि. हसनपुर अकाढ़िया, शोभा देवी प्रा.वि. चक कटौधन, राजेन्द्र प्रसाद यादव प्रा.वि. अरखगंज, सरिता देवी प्रा.वि. सुजरही, माधुरी सिंह प्रा.वि. मानू का पुरवा, राजू तिवारी प्रा.वि. बहादुरपुर, कृष्ण औतार शर्मा प्रा.वि. चितौली, अखिलेश कुमार तिवारी प्रा.वि. मनीपुर, निशा देवी का.वि. धर्मदासपुर, मनीसा यादव प्रा.वि. ऐलई प्रथम, ममता कुमारी प्रा.वि. बहादुरपुर, आकांक्षा यादव प्रा.वि. ऐलई द्वितीय, दिलीप कुमार विश्वकर्मा प्रा.वि. मुसवापर और स्वप्न प्रभा यादव प्रा.वि. चक सलेमपुर को सम्मानित किया गया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने महानवमी पर 1100 कन्याओं को कराया भोज

सीतापुर,संवाददाता। जिले के खैराबाद में महानवमी के मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता ने परिवार के साथ प्राचीन मां गौरी देवी मंदिर में दर्शन–पूजन किया। उन्होंने विधि–विधान से माता रानी का आशीर्वाद लिया और सुख–समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसमें 1100 कन्याओं को भोजन कराया गया। कन्याओं को देवी स्वरूप मानकर उनका पूजन किया गया और आशीर्वाद लिया गया।

नवदुर्गा पूजन पंडाल में उमड़ा आस्था का सैलाब मनोरम झांकियों ने मोहा भक्तों का मन

हरदोई,संवाददाता। श्री नवदुर्गा पूजन पंडाल में नवरात्रि के अंतिम दिन भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह मां महागौरी के स्वरूप की विधि–विधान से पूजा–अर्चना की गई। शाम को धार्मिक कार्यक्रमों के साथ आकर्षक झांकियों और नृत्य संध्या का आयोजन हुआ। देर रात तक भक्त पंडाल में मौजूद रहे और माता रानी के जयकारों से पूरा परिसर गूंजता रहा। प्रातःकालीन बेला में पंडाल के विद्वान आचार्य ने मां महागौरी के स्वरूप की पूजा–अर्चना कराई। इसके बाद शाम को स्थानीय देव स्तुति और श्री हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। मां जगदंबा दुर्गा और मां ज्वाला जी की ज्योति की आरती नितांत रस्तोगी, आलोक गुप्ता, राम कृष्ण गुप्ता समेत सैकड़ों भक्तों ने की। आरती के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के अगले क्रम में राधा कृष्ण जागरण पार्टी के कलाकारों आराधना, खुशी, राजू, शांतनु और हर्षित मिश्रा ने धार्मिक नृत्य संध्या प्रस्तुत की।

कलाकारों ने भगवान गणेश, राधा–कृष्ण, कृष्ण–सुदामा, शंकर–पार्वती, कृष्ण–सुदामा मिलन, महाकाल औघड़ नृत्य और अघोरी नृत्य समेत कई आकर्षक झांकियां प्रस्तुत कीं। धार्मिक गीतों पर कलाकारों की प्रस्तुतियों को दर्शकों ने खूब सराहा। बजाओ ना मुरली की तान श्याम मैं रह न पाऊंगी, श्री राधे मोहे ऐसो बनाए मोर नाचू ता ता थई थई, राधा गोरी लगे मैं कारो और राधा मुझे तेरे से हो गया प्यार जैसे गीतों पर श्रद्धालु झूम उठे। सुंदर झांकियों के दर्शन के लिए भक्त मध्यरात्रि तक पंडाल में डटे रहे। कलाकारों की प्रस्तुतियों और धार्मिक वातावरण से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध नजर आए। इस दौरान लगातार माता रानी के जयकारे गूंजते रहे।

सोमवार को समिति के सदस्यों ने हवन किया। इसके बाद दोपहर में बड़ी संख्या में कन्या भोज कराया गया और भंडारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में संजय मिश्रा, वैभव मिश्रा, रमाकांत मौर्य, सभासद शैल कुमारी गुप्ता समेत सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।

खागा नगर निकाय ने राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता आनंद मिश्र को शिक्षा रत्न सम्मान से किया सम्मानित

नगर निकाय के सभागार में हुआ भव्य समारोह, प्रगणकों को भी किया सम्मानित

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

खागा, फतेहपुर। नगर पंचायत खागा के सभागार में शनिवार अपराह्न आयोजित एक गरिमामय समारोह में ऐरायां ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय मलूकपुर के शिक्षक एवं वर्ष 2025 के राज्य अध्यापक पुरस्कार विजेता आनंद कुमार मिश्र को प्रतिष्ठित 'शिक्षा रत्न सम्मान' से अलंकृत किया गया। बेसिक शिक्षा के उन्नयन, अभिनव प्रयोगों, उत्कृष्ट समाजसेवा तथा वंचित वर्ग के बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के अप्रतिम योगदान के लिए नगर पंचायत प्रशासन द्वारा उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने के बाद शिक्षक आनंद कुमार मिश्र ने कहा कि शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर मातृशक्ति के हाथों यह सम्मान पाकर स्वयं को अत्यंत अभिभूत महसूस कर रहा हूँ। नगर निकाय की स्थापना के सौवें वर्ष में यह सम्मान प्राप्त होने से इसका गौरव और ऐतिहासिक

महत्व मेरे लिए कई गुना बढ़ गया है। समारोह को संबोधित करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष गीता सिंह ने कहा कि आनंद कुमार मिश्र ने अपने अभिनव शिक्षण और निस्वार्थ समाजसेवा से न केवल नगर बल्कि पूरे जनपद का मान बढ़ाया है। बुनियादी शिक्षा में उनका समर्पण समाज के लिए एक अनूठी मिसाल है।

वहीं अधिशासी अधिकारी देवहूती पांडेय ने कहा कि नगर के गौरवशाली नागरिक और शिक्षक को सम्मानित करना पूरे निकाय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। शिक्षा के जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का उनका प्रयास बेहद सराहनीय है। इस अवसर पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री विजय त्रिपाठी सहित अन्य शिक्षक तथा निकायकर्मी उपस्थित रहे।

नवाचारों और लेखन से दी परिषदीय शिक्षा को नई पहचान

आनंद कुमार मिश्र का शैक्षणिक सफर निरंतर नवाचारों और उपलब्धियों से भरा रहा है। बेसिक शिक्षा में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए उत्तर प्रदेश शासन द्वारा उन्हें राज्य शिक्षक पुरस्कार से नवाजा जा चुका है। इसके अलावा राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्य सचिव भी उनके कार्यों की प्रशंसा कर चुके हैं। शिक्षण कार्य के साथ उन्होंने प्राथमिक शिक्षा और बच्चों के ड्रॉप–आउट तथा शैक्षिक उन्नयन पर शोध किए हैं, जो एनसीईआरटी और प्रतिष्ठित राष्ट्रीय जर्नल्स में प्रकाशित हुए हैं। बाल सुलभ शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए उन्होंने मुस्कानालय, माई प्लांट माई लाइफश तथा श्रीड एंड रिसीवश जैसे कई अभिनव प्रयोग शुरू किए। वे एक प्रखर लेखक भी हैं उनकी पुस्तक 'बोलता बचपन' का विमोचन प्रदेश की राज्यपाल द्वारा किया जा चुका है। वह अब तक आठ किताबें लिख चुके हैं।

जादू के करतबों से डिजिटल धोखाधड़ी से बचने के तरीके बताए

सीतापुर,संवाददाता। जिले में रामकोट के अर्थाना बाजार प्रांगण में नाबार्ड के संयोजन में उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय सीतापुर की ओर से वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें ग्रामीणों को साइबर अपराध, डिजिटल अरेस्ट और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव की जानकारी दी गई। जादूगर अमित सिंह राणा ने करतब दिखाकर लोगों का मनोरंजन किया। सवाल–जवाब प्रतियोगिता में अमन पांडेय प्रथम और मनोज शुक्ला द्वितीय रहे।

आज मनेगा विजयादशमी पर्व, शस्त्र पूजन के साथ मेधावी छात्र-छात्राओं का होगा सम्मान

हरदोई,संवाददाता। क्षत्रिय महासभा की ओर से विजयादशमी (दशहरा) का पर्व 20 अक्टूबर, मंगलवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। इस अवसर पर शस्त्र पूजन, भगवान राम के व्यक्तित्व पर व्याख्यान, प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। क्षत्रिय महासभा के अनुसार, कार्यक्रम की शुरुआत धर्मशाला रोड स्थित क्षत्रिय भवन में सुबह आठ से 10 बजे तक हवन–पूजन के साथ होगी। इसके बाद सुबह 11 बजे से जीआईसी ग्राउंड में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में मध्य प्रदेश के रीवा जिले के गुढ़ से विधायक नागेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। सवायजपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता परम विदुषी साध्वी पंक्षी देवी जी करेंगी।

आयोजन में जिले के क्षत्रिय समाज के नेता, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत अध्यक्ष और समाज के अन्य पदाधिकारी भी शामिल होंगे। मेधाभिनंदन समारोह के तहत कक्षा 10 में 75 प्रतिशत और कक्षा 12 में 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा नीट, जेईई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित युवाओं और समाज के अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष ने जिले के सभी क्षत्रिय बंधुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने और समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

भाठ क्षेत्र में नहीं लागू हुआ वनाधिकार कानून

- रोसा की टीम ने ग्रामीणों के बीच किया संपर्क-संवाद
- 1–2 नवंबर वाराणसी नई पीढ़ी वर्कशॉप पर चर्चा

संवाददाता लखनऊ /सोनभद्र। रोजगार–सामाजिक अधिकार अभियान (रोसा) की टीम ने भाठ क्षेत्र के रनहोर, गुलाल झरिया, लोझरा, खजुरा आदि गांव में ग्रामीणों से संपर्क –संवाद किया। बैठक के दौरान यह बात सामने आई की भाठ क्षेत्र में वनाधिकार कानून को लागू नहीं किया गया और ग्रामीणों को विशेष तौर पर आदिवासियों को वन भूमि पर पट्टों का आवंटन नहीं हुआ है। इसके अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, शुद्ध पेयजल, बिजली, माइक्रोफाइनेंस कंपनियों की लूट आदि की समस्याओं से भी ग्रामीणों ने टीम को अवगत कराया। बैठक में जवाबदेह

सरकार के सवाल और संवैधानिक लोकतंत्र पर बढ़ रहे हमले के संबंध में विस्तार से बातचीत हुई। साथ ही 1–2 नवंबर को वाराणसी में आयोजित नई पीढ़ी संवाद के बारे में अवगत कराया गया। बहुत सारे नौजवानों ने रोजगार–सामाजिक अधिकार अभियान के 10 सूत्रीय एजेण्डा के प्रति समर्थन दिखाया और इससे जुड़ने की बात कही है।

टीम ने संवाद में कहा कि दरअसल यह पूरा इलाका सरकारी उपेक्षा का शिकार है। बड़े–बड़े औद्योगिक प्रतिष्ठानों के भयंकर प्रदूषण से आम आदमी प्राणघातक बीमारियों का शिकार हो रहा है और न्यूनतम इलाज तक की व्यवस्था इसी इलाके में नहीं है। पर्यावरण की रक्षा के लिए आए सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के आदेशों का अनुपालन नहीं हो रहा है। आवागमन की तमाम सड़के टूटी हुई है और जल जीवन मिशन का कार्यक्रम पूरे तौर पर फेल साबित हुआ है। टीम ने कहा कि हर 10 किलोमीटर पर सरकारी इंटर कॉलेज और हर ब्लॉक में सरकारी डिग्री कॉलेज व औद्योगिक क्षेत्र अनपरा में सरकारी आईटीआई कॉलेज खोलने और डिबुलगंज हास्पिटल को सुपर स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में बदलने की मांग भी पुरजोर तरीके से उठाई जा रही है। टीम में ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर, रोजगार–सामाजिक अधिकार अभियान के संयोजक रामकृष्ण बैगा, पूर्वांचल सहसंयोजक रूबी सिंह गोंड, रोजगार अधिकार अभियान की संयोजक सविता गोंड, इंद्रदेव खरवार, तेजधारी गुप्ता, राम लल्लू बैगा, हरी प्रसाद बैगा, उदित बैगा, संदीप पनिका, राघवेंद्र पनिका, बच्चू लाल गुर्जर आदि शामिल रहे।

चौबीस लाख दस हजार से बनेगा सारंगपुर में अंत्येष्टि स्थल

सोहावल–अयोध्या संवाददाता। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत सारंगापुर ग्राम पंचायत की गिनती बड़ी ग्राम पंचायतों में होती है। ग्राम पंचायत वासियों के लिए अंत्येष्टि स्थल न होने से सारंगापुर बदन का पुरवा ,बाबा का पुरवा, रुकूपुर बिसौली, बिसौली कुट्टी सहित आधा दर्जन गांव के लोगों को 30 किलोमीटर ढेमवा घाट,जमथरा घाट, व अयोध्या लोगों को दाह संस्कार के लिए अंत्येष्टि लेकर जाना पड़ता था। अब अंत्येष्टि स्थल प्रस्तावित होने पर लोगों को सुगमता आयेगी। प्रस्ताव की मंजूरी पर विक्रांत गोस्वामी, सुरेंद्र गोस्वामी, शिक्षक तिलक राम निषाद, देव कुमार सहित ग्राम वासियों में हर्ष का माहौल है। यह जानकारी देते हुए गाम प्रधान राम चंद्र रावत ने बताया कि अंत्येष्टि के लिए प्रस्तावित जमीन गाटा संख्या 1079, व रकबा 316 मौजूद है जिसके निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया था।

50 हजार रुपये के विवाद में प्रॉपर्टी डीलर की हत्या, दो गिरफ्तार और बाल अपचारी पुलिस संरक्षण में

लखनऊ (संवाददाता)। बक्शी का तालाब थाना क्षेत्र के अचरामऊ गांव के बाहर बोरे में मिले प्रॉपर्टी डीलर अरविंद कुमार के शव के मामले का पुलिस ने खुलासा करने का दावा किया है। पुलिस ने इस मामले में अमन धीमान और रवि कुमार गौतम को गिरफ्तार किया है, जबकि एक बाल अपचारी को पुलिस संरक्षण में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक, मृतक और मुख्य आरोपी के बीच 50 हजार रुपये के लेनदेन को लेकर विवाद हुआ था। मामले में सूरज रावत नाम का एक अन्य आरोपी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।पुलिस के अनुसार, 12 अक्टूबर की रात करीब 11रू30 बजे अचरामऊ गांव के बाहर कच्चे रास्ते पर बोरे में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने की

सूचना मिली थी। मौके पर पहुंची पुलिस और फील्ड यूनिट ने जांच कर साक्ष्य जुटाए। बाद में मृतक की पहचान इंदिरानगर क्षेत्र के मोहम्मदपुर निवासी अरविंद कुमार के रूप में हुई, जो प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता था। उसकी पत्नी मंजू देवी की तहरीर पर बीकेटी थाने में हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था।

पुलिस ने मामले की जांच के दौरान तकनीकी साक्ष्यों, मोबाइल फोन की कॉल डिटेल और मुखबिर तंत्र की मदद से संदिग्धों की तलाश शुरू की। पुलिस के मुताबिक, 17 अक्टूबर की रात करीब 12रू10 बजे किसान पथ से गोहना कला की ओर जाने वाले मार्ग पर जंगल की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते के पास से अमन धीमान और रवि कुमार गौतम को गिरफ्तार किया गया। एक बाल अपचारी को भी पुलिस संरक्षण में लिया गया।पुलिस का कहना है कि पूछताछ में अमन धीमान ने अरविंद से 50 हजार रुपये बकाया होने की बात बताई।

संक्षिप्त समाचार

निर्मली कुंड पर विधि विधान से मां सरयू का पूजन

अयोध्या संवाददाता। केंद्रीय दुर्गा पूजा एवं रामलीला समन्वय समिति जनपद अयोध्या के मुख्य विसर्जन स्थल निर्मली कुंड, जिसे दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान हम सभी श्रद्धेय श्श्रीभगवान जायसवाल घाटश् के नाम से जानते हैं को निर्माण के पूर्व माता सरयू के घाट पर परंपरागत ढंग से– बंदउँ अवधपुरी अति पावनि। सरजू सरि कलि कलुष नसावनि। प्रनवउँ पुर नर नारि बहोरी। ममता जिन्ह पर प्रभुहि न थोरी.. के भाव को लेकर केंद्रीय समिति के घाट निर्माण कार्य प्रभारी संजय श्रीवास्तव व सह प्रभारी रंजीत शर्मा और उनके सहयोगियों द्वारा आज अपरान्ह निर्मली कुंड पर विधि विधान से मां सरयू का पूजन अर्जुन एवं आरती करने के पश्चात केंद्रीय समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ मां को चुनरी चढ़ाई गई। पूजन अर्चन के दौरान पुरोहित आदेश जी महाराज एवं यजमान की भूमिका में आशीष तिवारी रहे। केंद्रीय समिति के जिला प्रवक्ता केशव बिगुलर के अनुसार उक्त अवसर पर केंद्रीय समिति के जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल व जिला संयोजक गगन जायसवाल, नगर निगम कार्य प्रभारी अतुल सिंह, पुलिस विभाग जिला प्रभारी जे एन चतुर्वेदी रिकाबगंज हनुमानगढ़ी के महंत अमृत दास के साथ ही साथ मनोज श्रीवास्तव, जनार्दन पांडेय बबलू, रविकांत आर्य, नागेंद्र पांडेय, काजल पाठक,आशीष तिवारी , अरुण मिश्रा,विजय सिंह बंटी, विवेक शुक्ला, तिलक राम मौर्य, उपासना पाठक, राजू शुक्ला, प्रदीप यादव, विनोद कनौजिया, सुमित साहू व संस्कार श्रीवास्तव सहित तमाम पदाधिकारीगण उपस्थित रहे।

सदगुरु रामसूरत साहेब व उदार साहेब की पुण्य स्मृति में कबीर मेला 20 से

अयोध्या संवाददाता।। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीकबीर धर्म मंदिर जियनपुर चूड़ामणि चौराहा, अयोध्या धाम में तीन दिवसीय सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला का आयोजन किया गया है। जो 20 अक्टूबर से शुरु होकर 22 अक्टूबर को समाप्त होगा, जिसमें देश के दिग्गज संत–महंत व प्रबुद्धजन सम्मिलित होंगे। 20 अक्टूबर को अपरान्ह 1 बजे सांप्रदायिक सौहार्द कबीर मेला का उद्घाटन राज्य सूचना आयुक्त राकेश कुमार यादव करेंगे।कार्यक्रम के आयोजक श्रीकबीर धर्म मंदिर सेवा समिति जियनपुर के अध्यक्ष आचार्य महंत उमाशंकर दास हैं। मुख्य अतिथि के रुप में संत कबीर समाधि स्थली मगहर संतकबीरनगर के पीठाधीश्वर आचार्य प्रवर विचार साहेब, विश्व कबीर विचार मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष आचार्य महंत मनमोहन साहेब और कबीर मंदिर सूरत गुजरात के महंत देवेंद्र साहेब मौजूद रहेंगे।

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने रामलला व हनुमानगढ़ी के किए दर्शन

अयोध्या संवाददाता।। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा अयोध्या पहुंचे। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने ढोल–नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि यह दूसरा अवसर होगा, जब वह रामलला के दर्शन करेंगे। उन्होंने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर और हनुमानगढ़ी पहुंचकर दर्शन–पूजन किया। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री हरीश द्विवेदी की मां के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए असम के मुख्यमंत्री ने कहा कि वह शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए बस्ती जा रहे हैं। वहीं, कोलकाता में पूजा पंडाल में हुई घटना पर दुख जताते हुए उन्होंने इसे बेहद दुखद बताया। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़े हैं।

पंचायत चुनाव मामले पर सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्णय दशहरा बाद: राजभर

लखनऊ संवाददाता। यूपी में पंचायत चुनाव को लेकर राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में अपील करेगी या नहीं करेगी इस पर निर्णय दशहरा बाद किया जाएगा। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा कि हाईकोर्ट के निर्णय पर अभी कानूनी राय ली जा रही है। उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया जाएगा कि आगे क्या कदम उठाया जाए।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव तीन महीने में कराए जाने का आदेश हाईकोर्ट ने दिया है। जिसे लेकर राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन ने सुप्रीम कोर्ट जाने का फैसला किया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. अखिलेश सिंह का कहना

है कि ओबीसी आरक्षण के लिए गठित समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग जिलों में सर्वे कर रहा है। ऐसे में जब तक उसकी रिपोर्ट न आ जाए तब तक चुनाव कराना ठीक नहीं रहेगा। फिर आगे विधानसभा चुनाव भी होने हैं। ऐसे में अभी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराना उचित नहीं होगा। ऐसे में हमारा संगठन जल्द सुप्रीम कोर्ट में इसे लेकर अपील दायर करेगा।

ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट आना अभी बाकी बीते 25 मई को ग्राम प्रधानों का कार्यकाल खत्म होने के बाद उन्हें प्रशासक बनाया गया था। उसके बाद जुलाई में ब्लॉक प्रमुख व जिला पंचायत अध्यक्षों को भी कार्यकाल पूरा होने के बाद उन्हें भी प्रशासक बना दिया गया था। फिलहाल, राज्य निर्वाचन आयोग पंचायत चुनाव की मतदाता सूची 10 जून को जारी कर चुका है। उसकी तैयारियां भी चुनाव को लेकर लगभग पूरी हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) आरक्षण तय करने के लिए राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन 20 मई को किया गया था और अब इसका छह महीने का कार्यकाल नवंबर में पूरा होगा। ओबीसी आरक्षण तय करने के लिए गठित आयोग की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। ओबीसी आरक्षण जारी होने के बाद ही सीटों पर आरक्षण तय कर चुनाव कराए जाने हैं। फिलहाल हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार चुनाव कराने में बहुत अड़चन नहीं है। तीन माह में पंचायत चुनाव के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे प्रधान। यूपी में तीन महीने में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कराने के हाईकोर्ट के फैसले को ग्राम प्रधान सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। वह ओबीसी आरक्षण को पूरी तरह लागू करने के बाद ही पंचायत चुनाव कराने की मांग कर रहे हैं। वहीं सरकार भी हाईकोर्ट के निर्णय पर विधिक राय लेने में जुटी हुई है। राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह ने गुरुवार को कहा कि हम उच्च न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हैं कि उसने प्रधान को प्रशासक बनाने के सरकार के निर्णय को सही ठहराया। यह चुनाव तक प्रशासक रहेंगे लेकिन तीन महीने के भीतर पंचायत चुनाव कराए जाने के हाईकोर्ट के निर्णय का हम विरोध करेंगे। सुप्रीम कोर्ट में इसके खिलाफ संगठन याचिका दायर करेगा।

लखनऊ को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केंद्र के रूप में विकसित करने की योगी सरकार ने की पहल

लोक हस्तक्षेप समाचार

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को आधुनिक तकनीक और नवाचार का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में लखनऊ एआई सिटी परियोजना पर काम आगे बढ़ रहा है। इस परियोजना की परिकल्पना प्रदेश में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) इकोसिस्टम को विकसित करने, तकनीक आधारित कंपनियों को प्रोत्साहित करने और निवेश के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से की गई है। प्रस्तावित एआई सिटी के माध्यम से लखनऊ को एक उभरते प्रौद्योगिकी केंद्र के रूप में विकसित करने की तैयारी है।

वृन्दावन आईटी सिटी को उपयुक्त स्थल चिह्नित

एआई सिटी की स्थापना के लिए तैयार की गई प्री–फिजिबिलिटी रिपोर्ट में भूमि चयन, परियोजना की अवधारणा, विकास की संरचना और देश–दुनिया की समान परियोजनाओं के आधार पर बेंचमार्किंग जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं का आकलन किया गया है। इस रिपोर्ट के आधार पर वृन्दावन आईटी सिटी को प्रस्तावित एआई सिटी–कम–बिजनेस पार्क के लिए सर्वाधिक उपयुक्त स्थल के रूप में चिह्नित किया गया है।

परियोजना में रणनीतिक सहयोग विकसित करने और एआई आधारित कंपनियों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय हितधारकों से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए थे। 26 जुलाई 2025 को जारी एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट (ईओआई) के सापेक्ष 25 से अधिक प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। यह पहल परियोजना में संभावित साझेदारों की रुचि और एआई आधारित कारोबारी गतिविधियों के लिए अवसर विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

एआई सिटी–कम–बिजनेस पार्क की योजना तैयार करने, विकास की रूपरेखा बनाने और निवेश आकर्षित करने के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई (पीएमयू) स्थापित करने की प्रक्रिया के तहत ट्रांजेक्शन एडवाइजर और कंसल्टेंसी संस्था की नियुक्ति की गई है। एआई सिटी की स्थापना से जुड़ी परामर्शी सेवाओं के लिए निविदा प्रक्रिया के माध्यम से कंसल्टेंट का चयन भी किया गया है। निर्धारित निर्देशों के अनुसार, कंसल्टेंट को नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष के भीतर भूमि के संबंध में अंतिम निर्णय लेने और मास्टर डेवलपर को परियोजना से जोड़ने की प्रक्रिया आगे बढ़ानी है।

योगी सरकार की इस पहल का उद्देश्य प्रदेश में एआई आधारित उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना है। परियोजना के आकार लेने से लखनऊ में तकनीकी कंपनियों, नवाचार आधारित उद्यमों और निवेशकों के लिए नए अवसर विकसित हो सकते हैं। साथ ही, एआई एवं डिजिटल तकनीक से जुड़े कौशल, अनुसंधान और रोजगार की संभावनाओं को भी प्रोत्साहन मिलने की उम्मीद है। लखनऊ एआई सिटी परियोजना प्रदेश को उभरती तकनीकों के क्षेत्र में आगे बढ़ाने और उत्तर प्रदेश में भविष्य की अर्थव्यवस्था के लिए मजबूत आधार तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

सेल्फी के चक्कर में चार युवकों की मौत, चार घायल

मिर्जामुराद (वाराणसी) संवाददाता। वाराणसी के मिर्जामुराद में रूपापुर फ्लाईओवर पर सोमवार की सुबह सेल्फी और फोटोग्राफी के चक्कर में चार युवकों की मौत हो गई। चार अन्य घायल हो गए हैं। हादसा उस समय हुआ जब विंध्याचल से दर्शन कर आठ युवक स्कार्पियो से वाराणसी लौट रहे थे। प्रयागराज हाईवे पर स्थित फ्लाईओवर पर गाड़ी किनारे लगाकर सुबह–सुबह के नजारे को कैमरे में कैद कर रहे थे। इसी दौरान प्रयागराज की तरफ से आए तेज रफ्तार ट्रक ने स्कार्पियो और सड़क पर खड़े युवकों को टक्कर मार दी।

टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कार्पियो के परखचे उड़ गए। तीन युवक फ्लाईओवर से नीचे गिर गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ट्रामा सेंटर भेजा और मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेजा है। हादसे में एक युवक का कमर से धड़ ही अलग हो गया है। घटना की जानकारी युवकों के परिजनों तक पहुंची तो कोहराम मच गया।

शिवपुर थाना क्षेत्र निवासी किशन यादव अपनी स्कॉर्पियो (यूपी 65 ईबी 2199) से सात साथियों के साथ अष्टमी पर विंध्याचल दर्शन करने गए थे। दर्शन कर सोमवार की भोर में सभी वाराणसी लौट रहे थे। वाराणसी बार्डर पर मिर्जामुराद के रूपापुर में फ्लाईओवर पर सुबह का नजारा इतना पसंद आया कि फोटोग्राफी के लिए रुक गए। गाड़ी किनारे लगाई और कोई सेल्फी लेने लगा तो कोई ग्रुप में फोटो खिंचाने लगा। इसी दौरान प्रयागराज की ओर से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने स्कार्पियो को पीछे से टक्कर मारी और फोटोग्राफी कर रहे युवकों को भी चपेट में ले लिया। टक्कर से स्कॉर्पियो के परखचे उड़ गए।

हादसे में आनंद यादव (25) पुत्र बनवारी, निवासी चमाव अहिरान, शिवपुर, आलोक मिश्रा (30), निवासी पिसौर, शिवपुर, प्रदीप सिंह (36) पुत्र योगेंद्र सिंह, निवासी एकला, चोलापुर और विद्वान्शू यादव (30) पुत्र स्व. नवल किशोर यादव, निवासी वीडीए कॉलोनी, शिवपुर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, किशन यादव (35), सावन यादव (26), राजकुमार यादव (35) और निखिल उर्फ गोलू (32) गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची मिर्जामुराद पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को स्कॉर्पियो से बाहर निकाला और उपचार के लिए ट्रामा सेंटर भेजा। पुलिस ने सेब लदे ट्रक को कब्जे में ले लिया है। मौका देख चालक भागने में सफल रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिचालक को हिरासत में लिया है।

विसर्जन यात्रा में शराबियों को शामिल न होने दें पूजा समितियां

अयोध्या संवाददाता। अपने–अपने पंडालों से विसर्जन हेतु चल देने के बाद समितियां कहीं भी रास्ते में नहीं रुकेगीं साथ ही साथ राजकीय इंटर कॉलेज के परिसर पहुंचकर केंद्रीय समिति द्वारा पूर्व की तरह ही मां दुर्गा की मुख्य प्रतिमा के वाहन पर नंबर दिया जाएगा, केंद्रीय समिति 20 अक्टूबर को अपने बैंड बाजा महापुरुषों की झांकियां ट्रॉली पर सभी झांकियां सबको समय से तैयार करके फतेहगंज चौराहे तक लगा देगी और जैसे ही 10 बजेगा वैसे ही माता की पहली प्रतिमा राजकीय इंटर कॉलेज के गेट से निकलेगी और इसी के साथ प्रारंभ हो जाएगी मां दुर्गा की विशाल भव्य विसर्जन शोभायात्रा। उक्त निर्णय रविवार को प्रातः शुभम सुभाष नगर पर संपन्न हुई केंद्रीय दुर्गापूजा एवं रामलीला समन्वय समिति, जनपद अयोध्या की महत्वपूर्ण बैठक में लिया गया बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष मनोज जायसवाल ने कहा कि केंद्रीय समिति अपने पदाधिकारियों की टोली फतेहगंज, मोतीबाग, चौक, पापुलर गली , रिकाबगंज चौराहा, रिकाबगंज हनुमानगढ़ी, सहादतगंज हनुमानगढ़ी जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर लगाएगी जो माता की शोभायात्रा को गतिमान बनाए रखने मेंअपनी भूमिका निभाएंगे।

कन्या पूजन व नारी शक्ति सम्मान से प्रारंभ हुआ गरबा

गरबा प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं के प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

अयोध्या संवाददाता। अयोध्या महोत्सव न्यास द्वारा आयोजित गरबा नाइट का शुभारंभ श्री मणिराम दास छावनी के उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, महानगर संघचालक प्रो. विक्रम प्रसाद पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह, अभिषेक मिश्रा, मनोज जायसवाल, ब्लॉक

प्रमुख अभिषेक सिंह एवं अंकित त्रिपाठी उपस्थित रहे। अयोध्या महोत्सव न्यास के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत एवं परिचय कराते हुए कहा कि अयोध्या महोत्सव न्यास का मुख्य उद्देश्य अपनी लोक संस्कृति एवं परंपराओं का प्रचार–प्रसार करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु अयोध्या महोत्सव न्यास विगत 10 वर्षों से गरबा नाइट का आयोजन कर रहा है। माँ भगवती के पावन नवरात्र के अवसर पर माँ दुर्गा एवं शक्ति के नौ स्वरूपों की आराधना, भक्ति और सम्मान के लिए गरबा का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम की संयोजक नाहिद कैफ एवं सह–संयोजक ऋचा उपाध्याय, निकिता चौहान और स्वाति सिंह ने अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र प्रदान करके किया। माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात नौ कन्याओं का विधिवत पूजन किया गया। कन्या पूजन के पश्चात शक्ति स्वरूपा नौ नारियों को सम्मानित किया गया। इनमेंनिहारिका श्रीवास्तव, शैल कुमारी, बबिता, देवी समृद्धि, मांडवी सिंह, पूनम दुबे, वर्तिका शुक्ला, गरिमा एवं संगीता चौबे शामिल थीं।

नारी शक्ति सम्मान के पश्चात मुख्य अतिथि महंत कमलनयन दास ने कहा कि अयोध्या महोत्सव न्यास संस्कृति एवं कला के उत्थान की दिशा में निरंतर कार्य करता है। अयोध्या प्रभु श्रीराम की नगरी है। यह अध्यात्म और संस्कृति की नगरी होने के साथ–साथ कला एवं साहित्य का भी केंद्र है। यहाँ की संस्कृति को संपूर्ण विश्व में प्रसारित करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। भाजपा जिलाध्यक्ष राधेश्याम त्यागी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी को नवरात्र की शुभकामनाएँ दीं। तत्पश्चात गरबा नाइट का शुभारंभ हुआ। गरबा नाइट में 1,210 पंजीकृत प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें अयोध्या के अतिरिक्त गोंडा, लखनऊ, अंबेडकरनगर एवं सुल्तानपुर के प्रतिभागी भी शामिल हुए। गरबा प्रतियोगिता में विभिन्न विधाओं के अंतर्गत प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया।

शिक्षकों के हक, सम्मान व पुरानी पेंशन की लड़ाई को सपा ने दी मजबूती: पारसनाथ

तारुन में सपा प्रत्याशी डॉ. संजयन त्रिपाठी के समर्थन में मांगा समर्थन

अयोध्या।संवाददाता गोरखपुर–फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के शिक्षक विधान परिषद प्रत्याशी डॉ. संजयन त्रिपाठी के समर्थन में तारुन–हैदरगंज मार्ग स्थित कृपाराम यादव के आवास पर शिक्षकों की बैठक आयोजित की गई। सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव के संयोजन में हुई बैठक में शिक्षकों की समस्याओं, शिक्षा व्यवस्था और शिक्षण संस्थानों से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने हमेशा शिक्षकों, शिक्षा व्यवस्था और शिक्षण संस्थानों के हितों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के 300 स्थायी मान्यता प्राप्त जूनियर हाईस्कूलों को अनुदानित करने का निर्णय लिया गया, जबकि दूसरे चरण में 1100 जूनियर हाईस्कूलों को एक साथ अनुदान सूची में शामिल करने का कार्य किया गया। इसके अलावा हजारों विषय विशेषज्ञ शिक्षकों का विनियमितीकरण कर उन्हें स्थायित्व और अधिकार देने की पहल की गई।

संपादकीय

रस्म–अदायगी का बोध

विपक्षी दल ष्वोट चोरीष के सवाल पर पहल अपने हाथ में लेने से हिचक गए हैं। इसके बदले उन्होंने खुद को प्रतिरोध जताने और न्यायपालिका की पनाह में जाने के पारंपरिक तौर–तरीकों तक सीमित रखा है। पहले कांग्रेस कार्य समिति और फिर इंडिया गठबंधन की बैठक में जो तय हुआ, उसका सार है कि विपक्षी दल ष्वोट चोरीष के सवाल पर पहल अपने हाथ में लेने से हिचक गए हैं। इसके बदले उन्होंने खुद को प्रतिरोध जताने और न्यायपालिका की पनाह में जाने के पारंपरिक तौर–तरीकों तक सीमित रखा है। इस सवाल पर उनमें कितनी उलझन या अनमनापन है, वह कांग्रेस कार्य समिति के मांग–पत्र से जाहिर हुआ। उसमें पहली मांग मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की रखी गई तथा चौथी एवं आखिरी मांग प्रधानमंत्री के इस्तीफे की! अगर किसी मुद्दे पर किसी पार्टी को प्रधानमंत्री का इस्तीफा मांगने की जरूरत महसूस होती है, तो स्पष्टतरू यह उसकी सर्वोपरि मांग होगी। इसीलिए प्रमुख विपक्षी दल ने जिस रूप में अपनी मांगें रखीं, उससे रस्म–अदायगी का बोध ज्यादा हुआ। उधर इंडिया गठबंधन ने प्रतिरोध मार्च, निर्वाचन आयोग तक सांसदों का जुलूस, और एक नवंबर को दिल्ली में विशाल रैली के आयोजन के पहले चार अन्य रैलियां करने का एलान किया है। इसके अलावा चुनाव प्रक्रिया को स्वच्छ बनाने के लिए हस्तक्षेप करने की गुजारिश करते हुए उसने सुप्रीम कोर्ट में याचिका देने का भी निर्णय लिया है। लेकिन इनमें कोई ऐसा कदम नहीं है, जिसे विपक्ष ने पहले ना आजमाया हो। यह उम्मीद रखने का शायद ही कोई आधार है कि इस बार उसके कार्यक्रमों को पहले से ज्यादा जन समर्थन मिलेगा।

लघुकथा : सेवानिवृत्ति के उपरांत

(डॉ. सुधाकर आशावादी)

सेवानिवृत्त होने के उपरांत महाविद्यालय पहुँचा, तो कुछ आत्मीय साथियों ने गर्म जोशी से स्वागत किया। कुछ ऐसे भी थे, जिन्होंने उपेक्षित नजरों से देखकर मुझसे दूरी बना ली।

शिक्षा संकाय अध्यक्ष प्रोफेसर सिद्धार्थ के विभाग में पहुँचा, तो वे बैठते हीं बोले – परिमल बाबू ३ और बताओ, सेवानिवृत्ति के उपरांत कैसा महसूस कर रहे हो ?

मैंने कहा – सिद्धार्थ जी३. आप भी इसी वर्ष सेवानिवृत्त होने वाले हैं, तदुपरांत कुछ अनुभव आपको भी होंगे, तब चर्चा कर लेंगे। वह खिलखिला कर हंसे, फिर बोले – लगता है कि कुछ तल्ख अनुभव हुए हैं। मैंने कहा – सिद्धार्थ जी, आप अभी हंस रहे हैं, किंतु सेवानिवृत्त होने से पूर्व से हीं आपको कुछ विशिष्ट अनुभव होने लगेंगे। एक अध्यापक वाली नजर से औरों के व्यवहार में आए परिवर्तन पर सिर्फ पैनी नजर रखने से सत्य पहले से ही सामने आने लगेगा।

मतलब ३ क्या कहना चाहते हो ? प्रोफेसर सिद्धार्थ ने कहा। मतलब यहीं है कि सेवानिवृत्ति की अंतिम तिथि निकट आने से पहले ही आपके अधीनस्थ आपके आदेशों की अवहेलना करना प्रारम्भ कर देंगे। सेवानिवृत्ति की तिथि से अधिवर्षता पूर्ण होने तक आपका अधीनस्थ आपके स्थान पर बैठेगा और आप उसके सम्मुख अधीनस्थ होकर बैठेगें, तब आपको कैसा प्रतीत होगा ? यही नहीं, जो कर्मचारी आपको आता हुआ देखकर आपको सम्मान देकर प्रणाम करते हैं, वही आपकी उपेक्षा करने लगेंगे। सेवानिवृत्ति के उपरांत और अधिक दुर्गति होगी, जब विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी से लेकर उनके कार्यालय के कर्मचारी भी आपकी उपेक्षा करने लगेंगे। मैंने कहा। क्या कह रहे हो, क्या ऐसा वास्तव में होता है, मुझे यकीन नही होता, यह तो व्यवहार पर निर्भर है, यदि आपने किसी के साथ अच्छा व्यवहार किया होगा, तो बदले में अच्छा व्यवहार ही मिलेगा। प्रोफेसर सिद्धार्थ ने मेरे कथन पर प्रतिवाद किया।

अंतत प्रोफेसर सिद्धार्थ सेवानिवृत्त हो गए। लगभग छह माह बाद एक दिवस मुझे बाजार में मिले। हाथ में थैला लिए तरकारी खघ्रीद रहे थे । मुझे देखते हीं बोले – परिमल जी ३ आप सत्य कह रहे थे सेवानिवृत्ति के उपरांत लोगों का व्यवहार कितना बदल जाता है, इसका सच तो सेवानिवृत्ति के बाद ही समझ में आता है। सेवानिवृत्ति के उपरांत अपने ही साथियों के व्यवहार को देखकर लगता है कि जैसे सेवानिवृत्तकर्मियों की उपेक्षा करने वाले सेवारत अधिकारी व कर्मचारी कभी सेवानिवृत्त होंगे ही नहीं। (विनायक फीचर्स)।

आधुनिक दौर में रावण कौन भ्रष्टाचार, हिंसा, नशा या फिर प्रदूषण .... ??

भारत देश त्योहारों व परंपराओं का देश है। यहाँ सभी पर्व उत्साह व उमंग से मनाए जाते हैं। उन्हीं में से एक है विजयदशमी.......!

विजयादशमी न केवल हमारी भावनाओं से जुड़ा हुआ है बल्कि यह अपने आप में एक शिक्षा को भी प्रदर्शित करता है। आधुनिक युग में रावण कौन ?

विजयदशमी केवल रावण दहन का उत्सव भी नहीं है बल्कि असत्य पर सत्य की जीत का भी प्रतीक हैस

कदाचित त्रेता युग का रावण तो समाप्त हो गया जो कि प्रभु श्री राम के हाथों मारा गयास यदि देखा जाए तो आधुनिक युग में वही रावण अपनी कई बुराइयों के रूप में आज भी हमारे सम्मुख विद्यमान हैस

भ्रष्टाचार –– भ्रष्टाचार चाहे किसी भी रूप में हो वह समाज की जड़ों को खोखला कर देता है। हिंसा और आतंक इंसानियत को लहूलुहान कर देते हैंस

नशा युवा पीढ़ी को निगल रहा है। प्रदूषण आने वाले समय को विपत्ति में डाल रहा है। यहीं हैं आज के रावण। प्रदूषण.... जल संकट, ध्वनि प्रदूषण व आतंकवाद, भेदभाव के रूप में रावण आज भी हमारे समक्ष उपस्थित है। यह आने वाली पीढ़ियों का जीवन संकट में डाल रहा है।

इन सब के बीच प्रश्न यह उठता है कि... हर साल रावण का पुतला जलाकर संतुष्ट हो जाते हैं ? या फिर अपने भीतर या समाज में फैल रहे रावण का अंत नहीं करते।

वास्तविक विजयादशमी–––––– जिस दिन हम हिंसा को छोड़कर अहिंसा को, नशे को छोड़कर स्वस्थ जीवन तथा प्रदूषण को हटाकर प्रदूषण मुक्त धरती बनाएंगे उसी दिन हम सच्चे अर्थो में विजयादशमी मनाएँगे।

विजयदशमी का वास्तविक अर्थ तभी होगा जब हम भ्रष्टाचार को मिटा कर ईमानदारी के दीप जलाएँगे और नशे से मुक्त युवा पीढ़ी समाज को देंगे। प्रदूषण पर नियंत्रण कर प्रकृति को बचाएँगे। आइए हम अपने अंदर छुपी बुराई रुपी पुतलों को समाप्त करें तथा एक सुदृढ़ भारत की नींव रखेंस आप इस बार अपने जीवन से कौन सी बुराई को समाप्त करके किस प्रकार इस त्यौहार को मनाने वाले हैं कमेंट कीजिए..।

(डॉ0 वंदना घनश्याला, दिल्ली)

विपक्ष की विश्वसनीयता का संकट

रजनीश नंद

भारत में विपक्ष आज गंभीर विश्वसनीयता के संकट से गुजर रहा है। लगातार जिस प्रकार के विषय, विचार और मुद्दे विपक्ष उठा रहा है, वे न तो तर्कसंगत हैं और न ही तथ्यपरक। आम आदमी की बुनियादी सुविधाओं से लेकर आकांक्षी भारत की अपेक्षाओं और देश की नीतिगत चुनौतियों तक, विपक्ष प्रभावी भूमिका में दिखाई नहीं देता। जनता के वास्तविक प्रश्नों पर ठोस विकल्प देने के बजाय वह नैरेटिव की ऐसी आभासी लड़ाई में उलझा है, जिसकी बुनियाद कई बार तथ्यों से अधिक मात्र राजनीतिक आरोपों पर दिखाई देती है।लोकतंत्र में सरकारों की समीक्षा बहुत होती है लेकिन विपक्ष की नहीं।देश ने विपक्ष को संवैधानिक भूमिका सौंप रखी है। विपक्ष अपनी इस जिम्मेदारी से भाग नहीं सकता । संकट तब और गहरा जाता है जब अपनी यह भूमिका निभाना तो दूर बल्कि विपक्ष का नेतृत्व हठधर्मी हो जाए एवं उसपर सामंती अहंकार सवार हो।देश को अराजकता पर धकेलने का प्रयास होता है।

स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक कांग्रेस स्वयं या विभिन्न दलों के समर्थन से केंद्र की सत्ता में रही। देश की आर्थिक नीतियों, बजट, प्रशासनिक व्यवस्था और विकास की दिशा तय करने में उसकी निर्णायक भूमिका रही। बीच में गैर–कांग्रेसी सरकारें भी आईं, लेकिन कई दशकों तक राष्ट्रीय राजनीति में कांग्रेस का प्रभुत्व रहा। इसलिए उसके लंबे शासन की उपलब्धियों के साथ उसकी विफलताओं और नीतिगत निर्णयों की जवाबदेही से भी उसे बचाया नहीं जा सकता। समय के साथ भ्रष्टाचार के आरोप, प्रशासनिक अकर्मण्यता, नीतिगत असमंजस और नेतृत्व से जुड़े प्रश्न राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आए। जनता के बीच असंतोष बढ़ा और कांग्रेस का राजनीतिक आधार कमजोर होता गया।

2014 में इस असंतोष ने निर्णायक रूप लिया। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया और केंद्र में भाजपा नीत सरकार बनी। यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं था, बल्कि लंबे समय से चली आ रही राजनीतिक व्यवस्था के प्रति जनता के बदलते रुझान का स्पष्ट संकेत था। यहीं से विपक्ष के सामने आत्ममंथन का अवसर था। चुनावी पराजय के कारणों को समझना, संगठन और नेतृत्व की कमियों को स्वीकार करना तथा जनता के सामने नई नीतियों और नए विकल्प के साथ जाना किसी भी लोकतांत्रिक दल का स्वाभाविक रास्ता होना चाहिए। विपक्ष के एक हिस्से ने इसके बजाय चुनावी जनादेश पर ही प्रश्न उठाने शुरू कर दिए। माइनॉरिटेरियन डेमोक्रेसी, पोस्ट ट्रुथ पॉलिटिक्स, मेनूफ्च्रैक्चरड वेब जैसे शब्द गढ़ कर 2014 के जनादेश को झुठलाने का प्रयास हुआ।

बाद में ईवीएम के बहाने नए जनादेश को गलत बताया जाने लगा। चुनाव प्रक्रिया पर प्रश्न उठाना लोकतांत्रिक अधिकार है लेकिन गंभीर आरोपों को प्रमाणित करना भी उतना ही आवश्यक है। निर्वाचन आयोग ने ईवीएम में कथित छेड़छाड़ को प्रदर्शित करने का अवसर राजनीतिक दलों को दिया। इसके बावजूद आज तक ऐसा कोई प्रमाणित मामला सामने नहीं आया जिसने यह सिद्ध किया हो कि देश के चुनावों में ईवीएम के माध्यम से व्यवस्थित रूप से जनादेश बदला गया। वीवीपीएटी और मतगणना की निर्धारित प्रक्रियाएँ चुनावी सत्यापन का हिस्सा हैं। क्या आज तक किसी भी मतदान केंद्र पर ईवीएम की गणना और वीवीपेट पर्ची की गणना में कोई अंतर पाया गया ? क्या इस बारे में कोई इसे गलत ठहराते हुए किसी प्रकरण पर न्यायालय ने कोई निर्णय दिया है ? प्रश्न ईवीएम पर सवाल उठाने का नहीं, बल्कि उस सवाल को प्रमाणित करने का है। किसी आरोप को लगातार दोहराने से वह तथ्य नहीं बन जाता। लोकतंत्र में संदेह की जगह है, लेकिन संदेह को प्रमाण का स्थान नहीं दिया जा सकता।

अब इस बार चुनाव आयोग को ही संदिग्ध बनाने के कार्य किया जा रहा है। स्द्धढक्र के बहाने या कभी किसी अखबार की खबर के आधार पर चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर प्रश्न खड़े कर एक संवैधानिक संस्था को बिना किसी साक्ष्य के संदिग्धा बनाकर स्वयं नेतृत्व और अपने दल की घोर पराजय से मुँह छिपाया जा रहा है। यहाँ तक कि इस संदर्भ में सुप्रीम कोर्ट को ही कटघरे में खड़ा कर दिया जाता है।

विपक्ष की समस्या यहीं समाप्त नहीं होती। सरकार की नीतियों से असहमति उसका लोकतांत्रिक अधिकार और दायित्व है लेकिन केवल विरोधा किसी राजनीतिक दल को विकल्प नहीं बनाता। आज का भारत आकांक्षी भारत है। जिसे नरेंद्र मोदी ने समझा है और उस ओर अपनी सरकार के तेजी से कदम बढ़ाये हैं। आज नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनावी राजनीति और सरकार का विमर्श बदला है। नागरिक बेहतर सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सुरक्षा के साथ आधुनिक बुनियादी ढाँचा, तकनीक, निवेश के नए अवसर पर चर्चा करता है।

इन प्रश्नों पर विपक्ष की अपनी स्पष्ट नीति और रोडमैप क्या है। यह अधिक महत्वपूर्ण सवाल है। किसी सरकारी योजना को गलत बताने के साथ यह बताना भी जरूरी है कि गलती कहाँ है, उसका समाधान क्या है और सत्ता में आने पर उससे बेहतर क्या किया जाएगा। जनता केवल यह नहीं सुनना चाहती कि सरकार ने क्या गलत किया। वह यह भी जानना चाहती है कि विपक्ष क्या सही करेगा।

पिछले एक–डेढ़ दशक में विपक्ष का एक बड़ा हिस्सा सरकार की नीतियों के विकल्प देने के बजाय नैरेटिव की राजनीति में अधिक सक्रिय दिखाई दिया है। चुनाव प्रक्रिया से लेकर संस्थाओं तक अनेक विषयों पर सवाल उठाए गए लेकिन आरोपों को प्रमाण और विरोध को वैकल्पिक नीति में बदलने का प्रयास उतना स्पष्ट नहीं दिखा।कांग्रेस सहित विपक्षी दलों के लिए चुनौती अपने लंबे राजनीतिक अतीत का ईमानदार मूल्यांकन करने, पराजय के कारणों को स्वीकार करने और बदलते भारत की आकांक्षाओं के अनुरूप स्वयं को पुनर्गठित करने की है।

भारत को मजबूत विपक्ष चाहिए। ऐसा विपक्ष जो सरकार से कठिन सवाल पूछे, उसकी कमियाँ उजागर करे लेकिन तथ्यों के साथ। ऐसा विपक्ष जो संस्थाओं पर प्रश्न उठाए लेकिन प्रमाण के साथ। ऐसा विपक्ष जो सरकार का विरोध करे तो उसके सामने बेहतर नीति और स्पष्ट विकल्प भी रखे। यह भाजपा ने किया है उन राज्यों में जहाँ विपक्ष में है वहाँ भी यही भूमिका निभा रही है।विपक्ष की असली लड़ाई किसी एक सरकार या किसी एक नेता के विरुद्ध नैरेटिव खड़ा करने की नहीं, अपनी विश्वसनीयता पुनरू अर्जित करने होनी चाहिए।

जनादेश का सम्मान, अपनी पराजय का आत्ममंथन, आरोपों के स्थान पर प्रमाण, नैरेटिव के स्थान पर नीति और विरोध के स्थान पर विकल्पकृयही किसी भी विपक्ष को जनता के बीच फिर से विश्वसनीय बना सकता है।लोकतंत्र में जनता अंतिम निर्णायक है। विपक्ष को तय करना होगा कि वह केवल सरकार का विरोध करना चाहता है या वास्तव में देश के सामने एक विश्वसनीय विकल्प बनना चाहता है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में पारदर्शी व्यवस्था और जनभागीदारी से मजबूत हो रहा जनता का विश्वास

लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति जनता का विश्वास है और सुशासन उस विश्वास को मजबूत करने का सबसे प्रभावी माध्यम। जब शासन की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचती हैं, समस्याओं का समयबद्ध समाधान होता है और आम नागरिक को अपने अधिकारों एवं सुविधाओं के लिए अनावश्यक भटकना नहीं पड़ता, तभी सुशासन की अवधारणा सार्थक होती है। छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में इसी भावना के अनुरूप संवेदनशील, पारदर्शी और जनोन्मुखी प्रशासन को प्राथमिकता दी जा रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के श्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयासश के मूलमंत्र को आत्मसात करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शासन की कार्यप्रणाली को अधिक सरल, सुलभ और जवाबदेह बनाने के प्रयासों से प्रशासन और आम नागरिकों के बीच संवाद तथा विश्वास का नया वातावरण विकसित हो रहा है।

सुशासन की पहली शर्त है कि आम नागरिक की बात सुनी जाए और उसकी समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल हो। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जनसमस्याओं के निराकरण को शासन की प्राथमिकताओं में स्थान दिया है। नागरिकों को अपनी समस्याएं, शिकायतें और सुझाव सीधे शासन–प्रशासन के समक्ष रखने का अवसर मिल रहा है।

जिला और विकासखंड स्तर पर आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर भी प्रशासन को नागरिकों के निकट लाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन रहे हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों की सेवाओं और योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा प्राप्त आवेदनों के निराकरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

डिजिटल सुशासन से आसान हो रही शासकीय सेवाएं

बदलते समय में तकनीक सुशासन का सशक्त आधार बनकर उभरी है। छत्तीसगढ़ में डिजिटल माध्यमों से शासकीय सेवाओं को अधिक सुलभ, पारदर्शी और समयबद्ध बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। सेवा सेतु पोर्टल और डिजिटल सेवा केंद्रों के माध्यम से नागरिकों को विभिन्न विभागों की सेवाओं के लिए आवेदन करने और प्रक्रियाओं की जानकारी प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इससे विशेष रूप से ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों के लिए शासकीय सेवाओं तक पहुंच आसान बनाने में सहायता मिल रही है। डिजिटल व्यवस्थाओं का महत्व केवल ऑनलाइन आवेदन तक सीमित नहीं है। इनका उद्देश्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं में पारदर्शिता बढ़ाना, अनावश्यक विलंब कम करना और नागरिकों को सेवाओं की स्थिति की जानकारी उपलब्ध कराना भी है। तकनीक आधारित प्रशासन से शासन और जनता के बीच विश्वास का संबंध और अधिक मजबूत करने की संभावनाएं बढ़ी हैं।

अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सर्वोच्च प्राथमिकता

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं, युवाओं, श्रमिकों और जनजातीय समुदायों के कल्याण को विशेष प्राथमिकता दे रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को नियमित आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। यह सहायता घरेलू आवश्यकताओं, बच्चों की शिक्षा, स्वास्थ्य और छोटी बचत जैसे कार्यों में महिलाओं के लिए उपयोगी साबित हो रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से जरूरतमंद परिवारों के पक्के घर का सपना साकार करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। किसानों के लिए संचालित योजनाएं, स्वास्थ्य सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण आजीविका से जुड़ी पहलें भी नागरिकों के जीवन में आर्थिक एवं सामाजिक सुरक्षा का आधार बन रही हैं।

इन योजनाओं की वास्तविक सफलता उन परिवारों के जीवन में दिखाई देती है, जिन्हें शासन की सहायता से अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने और बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर मिलता है।

शिकायत निवारण से जवाबदेह प्रशासन की ओर

सुशासन का अर्थ केवल योजनाओं का संचालन नहीं, बल्कि नागरिकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनना और उनका समाधान सुनिश्चित करना भी है। इसी दिशा मेंसीएम हेल्पलाइन 1076 नागरिकों को शिकायत दर्ज कराने और उसके निराकरण की स्थिति जानने का माध्यम उपलब्ध कराती है। नगरीय क्षेत्रों में निदान–1100 के माध्यम से साफ–सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़ी शिकायतों के समाधान की व्यवस्था विकसित की गई है। इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य शिकायत निवारण में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है। जब नागरिक अपनी समस्या दर्ज कराने के साथ उसकी प्रगति भी जान सकते हैं, तब प्रशासन के प्रति उनका भरोसा मजबूत होता है।

गांव से शहर तक विकास, हर वर्ग के कल्याण का प्रयास

छत्तीसगढ़ की बड़ी आबादी ग्रामीण और जनजातीय क्षेत्रों में निवास करती है। इसलिए सुशासन की सफलता का महत्वपूर्ण आधार दूरस्थ अंचलों तक शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, बिजली और अन्य आवश्यक सुविधाओं की पहुंच है। राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण विकास, जनजातीय कल्याण, महिला सशक्तिकरण और आजीविका संवर्धन से जुड़ी योजनाओं के माध्यम से विकास को अधिक समावेशी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा जैसे अंचलों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तथा स्थानीय समुदायों के सशक्तिकरण का महत्व और भी बढ़ जाता है।

सुशासन की वास्तविक पहचान तब बनती है, जब दूरस्थ गांव में रहने वाले नागरिक को भी वही सम्मान, सुविधा और अवसर प्राप्त हों, जो शहरों में उपलब्ध हैं।

जनभागीदारी से मजबूत होता सुशासन का संकल्प

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान ने जनसेवा और जनभागीदारी की भावना को आगे बढ़ाने का अवसर प्रदान किया। अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु, सेवा की कहानी, सेवा मेरा योगदान और सुशासन सेवा संवाद जैसी पहलों ने नागरिकों को शासन की सेवाओं, जनकल्याणकारी योजनाओं और सामाजिक जिम्मेदारियों से जोड़ने का संदेश दिया।

सुशासन केवल सरकार और प्रशासन के प्रयासों से नहीं, बल्कि जागरूक नागरिकों की सक्रिय सहभागिता से भी मजबूत होता है। नागरिकों के सुझाव, सामाजिक सहयोग और जनहित के कार्यों में भागीदारी विकास की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाते हैं।

सुशासन का वास्तविक अर्थ है हर नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में सुशासन को जनसेवा, संवेदनशीलता और जवाबदेही से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। योजनाओं की प्रभावशीलता, शिकायतों का समयबद्ध समाधान और नागरिकों की संतुष्टि ही इन प्रयासों की वास्तविक कसौटी होगी। सुशासन का उद्देश्य ऐसी व्यवस्था विकसित करना है, जिसमें गरीब को सम्मान, किसान को संबल, महिलाओं को सुरक्षा, युवाओं को अवसर और प्रत्येक नागरिक को न्यायपूर्ण एवं सरल शासकीय सेवाएं उपलब्ध हों। शासन और जनता के बीच दूरी कम होने का वास्तविक अर्थ केवल कार्यालयों तक पहुंच आसान होना नहीं, बल्कि नागरिकों के मन में यह विश्वास पैदा होना है कि सरकार उनकी समस्याओं के प्रति संवेदनशील है और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है।

यही विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है। इसी विश्वास, जनभागीदारी और संवेदनशील प्रशासन के आधार पर छत्तीसगढ़ विकसित राज्य बनने की दिशा में अग्रसर है।

■ रमेश नायक

डीएम-एसपी ने मेहरौना पुल विसर्जन स्थल का किया निरीक्षण

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और एसपी अभिजीत आर. शंकर ने थाना लार क्षेत्र के मेहरौना पुल स्थित मूर्ति विसर्जन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारीयों ने सुरक्षा, भीड़ नियंत्रण, बैरिकेडिंग और विसर्जन संबंधी तैयारियों को परखा। डीएम ने नाव, गोताखोरों की तैनाती, जल में सुरक्षा प्रबंध और पर्याप्त पुलिस बल लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अप्रिय घटना रोकने के लिए विशेष सतर्कता बरती जाए। डीएम ने पुलिस, राजस्व और प्रशासनिक अधिकारियों को आपसी समन्वय से ड्यूटी करने और शासन के दिशा–निर्देशों का कड़ाई से पालन कराने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मूर्ति विसर्जन को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

इस दौरान एसडीएम सलेमपुर क्षितिज द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

डीएम–एसपी ने सलेमपुर में पंडालों और मेला स्थलों का किया निरीक्षण

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

देवरिया। दुर्गा पूजा और मेले को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी और एसपी अभिजीत आर. शंकर ने थाना सलेमपुर क्षेत्र के विभिन्न पूजा पंडालों और मेला स्थलों का निरीक्षण किया।

दोनों अधिकारियों ने पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, प्रकाश, साफ–सफाई और श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया। संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

डीएम ने भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता, सुचारु यातायात व्यवस्था और आपात स्थिति से निपटने के पुख्ता प्रबंध करने को कहा। पंडाल आयोजकों को सुरक्षा मानकों, सीसीटीवी, अग्निशमन उपकरण और प्रवेश–निकास व्यवस्था का पालन करने के निर्देश दिए।

अधिकारियों ने कहा कि आमजन की सुरक्षा और सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसमें लापरवाही न बरती जाए। इस दौरान एसडीएम क्षितिज द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

शिक्षक निर्वाचन के लिए मतदान कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण संपन्न

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

देवरिया। गोरखपुर–फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन–2026 के लिए विकास भवन के गांधी सभागार में पीठासीन और मतदान अधिकारियों का द्वितीय प्रशिक्षण हुआ। प्रशिक्षण में सीडीओ, डीडीओ, उप कृषि निदेशक और मास्टर ट्रेनर ज्ञानेश यादव मौजूद रहे।

प्रशिक्षण में निर्वाचन प्रक्रिया, मतपेटी सील करने, मतपत्र लेखा, कागजातों को सीलबंद करने और गोपनीयता बनाए रखने के नियम बताए गए। सीडीओ ने निष्पक्षता, पारदर्शिता और समयबद्धता के साथ ड्यूटी करने के निर्देश दिए। बताया गया कि मतदान 23 अक्टूबर को होगा। जिले के 16 क्षेत्र पंचायत कार्यालयों को मतदान केंद्र बनाया गया है। सभी कार्मिकों को 22 अक्टूबर को सुबह 10 बजे कलेक्ट्रेट स्थित रवानगी स्थल पर पहुंचने को कहा गया है। प्रशिक्षण में एक पीठासीन अधिकारी अनुपस्थित रहे।

गन्ने के खेत में ओस में भीगता मिला 6 माह का मासूम, छह बेटियों की मां की ममता जागी

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

सलेमपुर, देवरिया। भटनी थानाक्षेत्र के खुटहा गांव में सोमवार सुबह गन्ने के खेत में ओस से भीगा छह माह का मासूम लावारिस मिला तो पूरा गांव सिहर उठा। खेत से गुजर रहे लोगों ने बच्चे की किलकारी सुनी, शोर मचाया और देखते ही देखते भीड़ जुट गई।

बच्चे को देखकर गांव की दुर्गावती देवी का कलेजा भर आया। छह बेटियों की मां दुर्गावती ने उसे गोद में उठा लिया और बोली इसे मैं पालूंगी। पति अवधेश मुंबई में नौकरी करते हैं, फोन पर उन्होंने भी हामी भर दी। एक मां जिसने बेटे की आस में छह बेटियों को पाला, आज एक बेसहारा बेटे में अपना बेटा देखने लगी। गांव वाले भी इस ममता के आगे नतमस्तक थे।

सूचना पर बाल सहायता 1098 और भटनी पुलिस पहुंची। प्रधान रामानंद यादव की मौजूदगी में कागजी कार्रवाई कर बच्चे को बाल संरक्षण टीम को सौंप दिया गया।

थानाध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि बच्चे की मां और उसे छोड़ने की वजह की जांच की जा रही है। छह बेटियों की मां की गोद सूनी रह गई, मासूम फिर अनाथ हो गया।

नवमी पर मां दुर्गा की पूजा के भंडारे में बड़ी संख्या में लोग शामिल

गोण्डा,संवाददाता। माझा राठ में शारदीय नवरात्रि की नवमी पर मां दुर्गा की पूजा–अर्चना की गई। ग्रामसभा माझा राठ के अलग–अलग क्षेत्रों में यह आयोजन हुआ। इन्द्र जीत यादव सुरेश यादव अजीत यादव लाल बाबू यादव दिनेश यादव के अनुसार इस मौके पर कन्या भोज का आयोजन किया गया। इसमें कन्याओं को भोजन कराकर उनका आशीर्वाद लिया गया। गांव के कई स्थानों पर ग्रामीणों के सहयोग से भंडारे भी हुए। इसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया ।पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल रहा।

इटावा : स्नातक व शिक्षक चुनाव को लेकर भाजपा पदाधिकारियों की बैठक संपन्न

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

महेवा (इटावा)। स्नातक एवं शिक्षक मतदाताओं एवं पन्ना प्रमुखों सहित पार्टी के संबंधित पदाधिकारी गणों की पोलिंग सेंटर 187, 187अ स्नातक , 111शिक्षक मतदेय स्थल रूरल इंटर कॉलेज महेवा पर पड़ने वाले मत 1884 स्नातक वोट, 184शिक्षक वोट को 23अक्टूबर को प्रातः 08बजे से शाम 04बजे तक होने वाले मतदान को लेकर बैठकमहेवा रघुनाथ वाटिका पर संपन्न हुई। मुख्य रूप से गोपाल मोहन शर्मा पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपाधजिला संचालन समिति प्रमुख स्नातक ने पन्ना प्रमुखों को शत प्रतिशत परिणाम लाने के लिए कहा बाद में भी इस बात की समीक्षा होगी कि पन्ना प्रमुखों की सूची से कितने वोट पड़े। उन्होंने ने कहा कि एक एक कार्यकर्ता एक एक वोट से हर सूरत में संपर्क बनाकर मतदेय स्थल तक लाने की जिम्मेदारी है। जिला संचालन समिति स्नातक के प्रमुख गोपाल मोहन शर्मा ने कहा कि पन्ना प्रमुखों की सक्रियता से संपर्क के द्वारा वोटो को डा मानवेंद्र सिंह गुरु जी का प्रथम नंबर पर अंकित नाम तथा इंजीनियर हरिकिशोर तिवारी 02नंबर पर अंकित नाम के आगे पोलिंग पर उपलब्ध पेन से नाम के आगे खड़ी पाई बनाकर विजयी बनाए। उन्होंने पार्टी जनों को पूरी ताकत के साथ जुटने का आवाहन किया ।पूर्व विधायक भरथना सावित्री कठेरिया शिक्षक खंड प्रभारी संयोजक शिक्षक अशोक चौबे, मंडल अध्यक्ष उदय कुशवाहा, रवींद्र दुबे, दिनेश तिवारी, अरविंद ऋषिश्वर सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी पन्ना प्रमुखों की मौजूदगी रही। मीनाक्षी चौहान ने संचालन किया।

चुनाव के बीच बीजेपी MLC देवेंद्र प्रताप सिंह की चिट्ठी से मचा बवाल

गोरखपुर संवाददाता। उत्तर प्रदेश में एमएलसी चुनाव की गहमागहमी के बीच भाजपा के विधान परिषद सदस्य देवेंद्र प्रताप सिंह की एक चिट्ठी से सियासी बवंडर मच गया है। एमएलसी ने इस चिट्ठी में न तो किसी प्रत्याशी का नाम लिया है और न ही खुलकर किसी को जिताने या हराने की बात कही है लेकिन इशारों ही इशारों में उन्होंने जो कहने की कोशिश की है उसकी हर कोई अपने–अपने ढंग से व्याख्या कर रहा है। देवेंद्र सिंह के तेवरों से वाकिफ लोग कह रहे हैं कि चुनावी माहौल में उन्होंने चिट्ठी को सियासी हथियार बनाकर अपना दांव चल दिया है। देवेंद्र सिंह ने अपने अपमान का जिक्र करते हुए इस चिट्ठी को सोशल मीडिया प्लेटफार्म फेसबुक पर साझा किया है। उनका अपमान किसने किया इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह सबको पता है। देवेंद्र सिंह की यह चिट्ठी हाथ से लिखी हुई है। उन्होंने कहा कि चिट्ठी मैंने ही लिखी है। लेकिन अपमान पर साफतौर पर बोलने से वह बचते रहे। उधर, सोशल मीडिया में उनकी चिट्ठी वायरल होने के बाद कई लोगों ने इसे 12 अक्टूबर को गोरखपुर में हुई मुख्यमंत्री की सभा में कथित तौर पर मंच पर कुर्सी नहीं मिलने और उसके बाद क्षेत्रीय अध्यक्ष विनोद राय से हुई उनकी बहस से जोड़ा। बताया जा रहा है कि देवेंद्र सिंह उस दिन के घटनाक्रम से काफी नाराज चल रहे हैं। चिट्ठी से यह नाराजगी खुलकर सामने आ गई है।

माता रानी के मंदिर में श्रद्धालुओं ने किया दर्शन पूजन

महेवा (इटावा)।

विकासखंड क्षेत्र के कस्बा एवं ग्रामीण अंचलों में माता रानी के मंदिर में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर प्रसाद ग्रहण किया आयोजन के द्वारा मंदिर में भक्तों का माहौल रहा श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना मां भगवती से की। वहीं महिलाओं ने घर–घर नवरात्र की अष्टमी एवं नवमी पर कन्या भोज एवं प्रसाद वितरण की परंपरा की है। इसी तरह ग्राम पंचायत उझियानी के दुर्गा देवी मंदिर पर हर वर्ष की बात इस वर्ष भी दवा व्यवसायी सुरेंद्रनाथ पोरवाल ने मंदिर प्रांगण में हवन पूजन कर सुख समृद्धि की कामना की। वहीं श्रद्धालुओं ने परंपरा निभाते हुए चुनरी नारियल और प्रसाद चढ़ाकर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की माता रानी के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजायमान रहा।

राज्यमंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने मुरली मनोहर मंदिर में किया कन्या पूजन

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

सलेमपुर, देवरिया। शारदीय नवरात्र पर सलेमपुर के मुरली मनोहर मंदिर में राज्यमंत्री एवं विधायक विजय लक्ष्मी गौतम ने मां दुर्गा की विधि–विधान से पूजा की। उन्होंने कन्या पूजन कर नौ कन्याओं को माता स्वरूप मानकर भोजन कराया और उपहार दिए। भैरव बाबा स्वरूप बच्चों को भी उपहार भेंट कर सम्मानित किया।

उन्होंने कन्याओं का चरण पूजन कर आशीर्वाद लिया और मां दुर्गा से प्रदेश की सुख–समृद्धि, शांति की कामना की। इस दौरान उन्होंने 2027 में भी यूपी में भाजपा सरकार बनने के लिए प्रार्थना की। राज्यमंत्री ने कहा, नवरात्र शक्ति उपासना और नारी सम्मान का पर्व है, कन्या पूजन हमारी सांस्कृतिक परंपरा है।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष पुनीत यादव, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमरेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष अशोक पांडेय, जटाशंकर दुबे, अनूप उपाध्याय, राजीव मिश्रा सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे।

चकर नगर की अनीता यादव बनी किसान यूनियन की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

इटावा ।जनपद की चकर नगर निवासी अनीता यादव को भारतीय किसान यूनियन धरतीपुत्र किसान का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है । बताते चलें कि यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सनी माधव ने उनके निवास पर नियुक्त पत्र सोंफा और कहा अनीता यादव के यूनियन में आने से एक नया बल मिलेगा । अनीता यादव समाजसेवी इंजीनियर चन्दू यादव की धर्मपत्नी हैं और पहले भी कई किसान यूनियनों में पदाधिकारी रह चुकीं हैं। इनकी नियुक्ति पर अवधेश श्रीवास्तव लखनऊ , बड़े यादव भिण्ड , वीर सिंह यादव डीलर , विनय मास्टर , सुन्दर सिंह चौहान , राजू जैन हरिद्वार , विनय शर्मा मृत्युंजय यादव ग्रेटर नोएडा आदि लोगों ने बधाई दी है।

रेलकर्मियों ने की सिंगल यूज प्लास्टिक न इस्तेमाल करने की अपील की

गोण्डा,संवाददाता। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल ने सोमवार को गोंडा जंक्शन पर श्स्पेशल कैंपेन 6.0श के तहत स्वच्छता जागरूकता रैली और रेल जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल की अगुवाई में हुआ, जिसका नेतृत्व वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) आशीष कुमार मधेशिया ने किया ।इस दौरान रेलकर्मियों ने स्टेशन परिसर में रैली निकाली और यात्रियों को साफ–सफाई के लिए जागरूक किया। रेल जनसंवाद के जरिए भी यात्रियों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों से सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने, कूड़ा कूड़ेदान में डालने और प्लास्टिक की जगह कपड़े की थैली इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने स्वच्छता को रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा बनाने और रेलवे परिसर को साफ रखने में सहयोग देने का संदेश दिया। इस मौके पर एरिया मैनेजर, स्टेशन अधीक्षक, स्वास्थ्य निरीक्षक समेत कई रेलकर्मी मौजूद रहे। पूर्वोत्तर रेलवे का लखनऊ मंडल स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर रेल परिसर बनाने के लिए लगातार स्वच्छता अभियान चला रहा है।

देवी मूर्तियों के विसर्जन को लेकर प्रशासन तैयार

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

महेवा। नवरात्रि के अंतिम दिवस के बाद विसर्जन की तैयारी के लिए प्रशासन चुस्त हो गया है सोमवार को उपजिलाधिकारी भरथना काव्या सी के आदेशानुसार एवं तहसीलदार हर्ष निशांत के निर्देशन में राजस्व लेखपाल महेवा क्षेत्र राहुल गोयल ने ग्राम प्रशासक बहेड़ा विजय प्रताप सिंह सेंगर ,महेवा प्रशासक कुमुद सिंह की मौजूदगी में देवी प्रतिमा विसर्जन के लिए नहर के किनारे जगह चिह्नित कर गड्ढे करवाए तथा साफ सफाई कराकर नहर की ओर बेरीकेटिंग ,बॉस बल्ली आदि कराकर सुरक्षित रूप से प्रतिमाओं के विसर्जन हेतु जगह को निर्धारित किया । इस अवसर पर चौकी प्रभारी महेवा रजनीश तिवारी ,कांस्टेबल अबधेश शर्मा ,सुरजन सिंह पाल ,राजू दुबे ,अमित भदौरिया ,पंचायत सहायक नंदिनी ठाकुर ,गोपाल सेंगर आदि मौजूद रहे।

यूरिया लदा ट्रक पलटा चालक–खलासी सुरक्षित

गोण्डा,संवाददाता। कटरा बाजार थाना क्षेत्र के पहाड़ापुर भगत पुरवा गांव के पास सोमवार को यूरिया से भरा एक ट्रक पलट गया। इस हादसे में ट्रक का चालक और खलासी सुरक्षित बच गए। उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई, जिससे बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक पहाड़ापुर गांव के पास से गुजर रहा था। चालक ने नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। हादसे के वक्त आसपास कोई राहगीर या दूसरा वाहन नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रक पलटने की तेज आवाज सुनकर इलाके में हड़बड़ी मच गई।

ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत–बचाव काम शुरू किया। उनकी मदद से चालक और खलासी को ट्रक के केबिन से सुरक्षित बाहर निकाला गया। हादसे के बाद ट्रक पर लदी यूरिया की बोरियां सड़क पर बिखर गईं। पुलिस को सूचना दे दी गई है। प्रशासन ट्रक हटाने और रास्ता साफ करने की कोशिश कर रहा है।

गांजे के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

गोण्डा,संवाददाता। कोतवाली नगर पुलिस ने एक आरोपी को गांजे के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे रेलवे गेस्ट हाउस के पास से पकड़ा। उसके पास से 1 किलो 110 ग्राम गांजा और 610 रुपये नकद मिले हैं। यह कार्रवाई 18 अक्टूबर 2026 को दुर्गा पूजा के मद्देनजर की गई। पुलिस इलाके में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। तभी मुखबिर से सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन गोंडा के गेट नंबर 2 के आगे रेलवे गेस्ट हाउस के पास रानीजोत की ओर जाने वाले रास्ते पर एक संदिग्ध व्यक्ति खड़ा है, जिसके पास नशीला पदार्थ है।

तालाब में फंसा जंगली जानवर वन विभाग ने किया रेस्क्यू

बलरामपुर,संवाददाता। जिले में गांव के तालाब में सोमवार दोपहर एक जंगली जानवर के फंसे होने की खबर से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। तालाब के पानी में फंसे जानवर को देखकर लोग सहम गए। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुटने लगी। सूचना पर वन विभाग और स्थानीय पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। तालाब तक पहुंचने के लिए टीम को नाव का सहारा लेना पड़ा। काफी मशक्कत और सावधानी के बाद जंगली जानवर को सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि, रेस्क्यू किए गए जानवर की पहचान को लेकर अभी संशय बना हुआ है। वन विभाग के अनुसार, वह तेंदुआ है या फिशिंग कैट (मछली पकड़ने वाली जंगली बिल्ली), इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। मामला बारहवां रेंज क्षेत्र के ग्राम बरगदही का है। सोमवार को करीब दोपहर 12.30 बजे गांव निवासी राजन सिंह के तालाब में जंगली जानवर के गिरने की जानकारी सामने आई। तालाब नौखान के उस पार स्थित होने के कारण वन विभाग और स्थानीय पुलिस की टीम को नाव से वहां तक पहुंचना पड़ा। उधर, तालाब में जंगली जानवर के फंसे होने की खबर फैलते ही आसपास के लोग उसे देखने के लिए जुटने लगे। वन विभाग की टीम ने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए रेस्क्यू अभियान शुरू किया और काफी प्रयास के बाद जानवर को तालाब से बाहर निकाल लिया। रेस्क्यू के बाद वन विभाग की टीम जानवर को अपने साथ जंगल की ओर ले गई। जानवर के सुरक्षित बाहर निकलने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। हालांकि, घटना ने गांव और आसपास के इलाकों में जंगली जानवरों की मौजूदगी को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

राम कथा में राम वन गवन का मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

महेवा(इटावा)। ग्राम पंचायत उझियानी परमहंस कुटी मंदिर परिसर में चल रही राम कथा में सोमवार को राम बन गवन महाराज दशरथ के देह त्याग का मार्मिक प्रसंग सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। दरबटपुर औरैया से आए कथा व्यास पंडित अमित तिवारी उर्फ छुन्ना ने भगवान राम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया। राम कथा व्यास ने कहा कि युवाओं को भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा लेकर उनके आदर्शों पर चलने का प्रयास करना चाहिए मर्यादा त्याग और कर्तव्य निष्ठा जैसे गुण अपनाकर ही मानव जीवन को सार्थक बनाया जा सकता है राम कथा के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

वही दुर्गा देवी पंडाल में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में पंडित शिवकांत तिवारी ने गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्री कृष्ण ने बृजवासियों को इंद्र के अहंकार और अनावश्यक भय मुक्त करने के लिए गोवर्धन पर्वत की पूजा करने की प्रेरणा दी। इससे क्रोधित होकर इंद्र ने ब्रज में मूसलाधार वर्षा शुरू कर दी बरषा से बृजवासियों की रक्षा करने के लिए भगवान श्री कृष्णा अपनी कनिष्ठ उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठा लिया ।

रोशन मैथ्यू संग जमेगी सिमर भाटिया की जोड़ी, फिल्म बातों ही बातों में से मचाएंगी धमाल

बीएलएम पिक्चर्स ने अपनी नई रोमांटिक–कॉमेडी फिल्म बातों ही बातों में की आधिकारिक घोषणा कर दी है। इस फिल्म में रोशन मैथ्यू और अक्षय कुमार की भांजी सिमर भाटिया की नई जोड़ी पहली बार एक साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएगी। धीरज बोस के निर्देशन में बनने वाली इस फिल्म की शूटिंग इसी साल नवंबर से शुरू होगी। ये कहानी रिश्तों में बातचीत, जुड़ाव और आने वाले अनपेक्षित मोड़ों के इर्द–गिर्द घूमती है। सिमर भाटिया ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत श्रीराम राघवन की फिल्म इक्कीस से की थी, जिसमें उन्होंने अगस्त्य नंदा के साथ काम किया और अपनी बेहतरीन एक्टिंग से लोगों का ध्यान खींचा। अब वो फिल्म बातों ही बातों में में नजर आएंगी, वहीं, रोशन मैथ्यू साउथ और बॉलीवुड के एक माने हुए अभिनेता हैं। वो आलिया भट्ट की डार्लिंग्स, कपूर एंड सन्स और उलझ जैसी फिल्मों में अपने दमदार अभिनय से दर्शकों के बीच खास पहचान बना चुके हैं।

गर्दन में दर्द, जकड़न आदि समस्याएं नजर आएं तो न करें नजरअंदाजी, हो सकता है खतरनाक

अगर आपको गर्दन में दर्द, जकड़न या कोई अन्य समस्या महसूस हो तो इसे नजरअंदाज न करें। ये लक्षण रीढ़ की हड्डी से जुड़ी बीमारियों का संकेत हो सकते हैं। समय रहते इन समस्याओं का इलाज न कराने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। इस लेख में हम आपको इन लक्षणों के बारे में विस्तार से बताएंगे ताकि आप सही समय पर डॉक्टर से संपर्क कर सकें और अपनी सेहत का ध्यान रख सकें।

गर्दन में दर्द होना

अगर आपको लगातार गर्दन में दर्द हो रहा है तो इसे नजरअंदाज न करें। यह लक्षण रीढ़ की हड्डी की बीमारियों का संकेत हो सकता है। दर्द का कारण चाहे जो भी हो, इसे अनदेखा करना खतरनाक हो सकता है। सही समय पर डॉक्टर से संपर्क करें ताकि समस्या का सही इलाज हो सके और आपको राहत मिल सके। समय रहते इलाज कराने से आप गंभीर बीमारियों से बच सकते हैं।

गर्दन का जकड़ना

गर्दन का जकड़ना भी एक अहम संकेत है, जिसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। अगर आपकी गर्दन अचानक से जकड़ने लगे तो यह रीढ़ की हड्डी में किसी समस्या का संकेत हो सकता है।

यह स्थिति आमतौर पर असुविध ाजनक होती है और इससे रोजमर्रा के काम करना मुश्किल हो जाता है। ऐसी स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें ताकि सही जांच और इलाज किया जा सके।

सिरदर्द होना

अगर आपको बिना किसी कारण के सिरदर्द हो रहा है तो इसे हल्के में न लें। यह लक्षण रीढ़ की हड्डी की बीमारियों का संकेत हो सकता है, खासकर अगर यह सिरदर्द लगातार हो रहा हो या इसमें कोई बदलाव न आ रहा हो।ऐसे में डॉक्टर से संपर्क करना जरूरी है ताकि सही जांच और इलाज किया जा सके। समय रहते इलाज कराने से आप गंभीर समस्याओं से बच सकते हैं और बेहतर स्वास्थ्य पा सकते हैं।

हाथों या पैरों में सुन्नपन आना

अगर आपकी गर्दन में दर्द के साथ–साथ हाथों या पैरों में सुन्नपन महसूस हो रहा है तो इसे नजरअंदाज न करें। यह लक्षण रीढ़ की हड्डी की बीमारियों का संकेत हो सकता है। इस स्थिति में तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें ताकि सही जांच और इलाज किया जा सके। समय रहते इलाज कराने से आप गंभीर समस्याओं से बच सकते हैं और बेहतर स्वास्थ्य पा सकते हैं।

रश्मिका मंदाना की फिल्म माइसा का टीजर जारी, न्याय के लिए खूनी जंग लड़ती नजर आईं अभिनेत्री

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना अपनी आगामी महिला प्रधान एक्शन फिल्म श्माइसाय को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का दो मिनट का टीजर जारी कर दिया गया है, जिसमें रश्मिका एक गंभीर और सशक्त किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में न्याय के लिए संघर्ष करती महिला की कहानी दिखाई गई है, जो पुलिस से मदद नहीं मिलने के बाद खुद अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ने का रास्ता चुनती है। फिल्म के टीजर में रश्मिका मंदाना को कुछ बदमाशों से घिरा हुआ दिखाया गया है। वह न्याय पाने के लिए पुलिस के पास जाती हैं, लेकिन उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया जाता। इसके बाद कहानी एक हिंसक संघर्ष की ओर बढ़ती है, जिसमें रश्मिका अन्याय करने वालों से मुकाबला करती नजर आती हैं। टीजर में अभिनेत्री का एक्शन अवतार देखने को मिलता है। उनके चेहरे के भाव और अभिनय किरदार के दर्द, गुस्से और दृ ढ़ संकल्प को दर्शाते हैं। फिल्म की कहानी महिला के संघर्ष और न्याय पाने की उसकी कोशिश के इर्द–गिर्द घूमती दिखाई देती है। श्माइसाय का निर्देशन रविंद्र पुले कर रहे हैं, जो निर्देशक हनु राघवापुडी के शिष्य हैं। फिल्म का पार्श्व संगीत जेक्स बिजॉय ने तैयार किया है। टीजर में उनका संगीत दृश्यों के तनाव और भावनात्मक प्रभाव को और गहरा करता है। वहीं, छायांकन के जरिए एक्शन दृश्यों को प्रभावशाली अंदाज में प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का टीजर रविंद्र पुले के जन्मदिन के अवसर पर जारी किया गया। इसमें रश्मिका के अलावा गुरु सोमसुंदरम और ईश्वरी राव भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

ध्रुव विक्रम की फिल्म जैकी का ट्रेलर जारी, स्टंट कलाकार के किरदार में दिखा दमदार एक्शन अवतार

दक्षिण भारतीय अभिनेता चियान विक्रम के बेटे ध्रुव विक्रम अपनी आगामी तमिल फिल्म श्जैकीय को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी कर दिया गया है, जिसमें ध्रुव एक स्टंट कलाकार की भूमिका में नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में उनके जबरदस्त एक्शन दृश्य, अंदाज और दमदार व्यक्तित्व देखने को मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्सुकता बढ़ गई है। करण अरविंद कुमार के निर्देशन में बन रही श्जैकीय में ध्रुव विक्रम एक ऐसे स्टंट कलाकार का किरदार निभा रहे हैं, जो अपने साहस और हुनर से दर्शकों को रोमांचित करता है। ट्रेलर में उन्हें कई दमदार एक्शन दृश्यों को अंजाम देते हुए दिखाया गया है। फिल्म के रविवार को जारी किए गए प्रथम लुक में भी ध्रुव एक प्रभावशाली

एक्शन अवतार में नजर आए थे। फिल्म की टैगलाइन श्नो रीटेक्स अलाउडय यानी श्दोबारा दृश्य फिल्माने की अनुमति नहींय रखी गई है। यह टैगलाइन फिल्म की एक्शन प्रधान शैली और स्टंट की दुनिया से जुड़ी कहानी की ओर संकेत करती है। फिल्म का संगीत संतोष नारायणन ने तैयार किया है, जबकि छायांकन की जिम्मेदारी विक्की ने संभाली है। फिल्म का संपादन जयसूर्या ने किया है। निर्माण की जिम्मेदारी मैत्री मूवी मेकर्स ने उठाई है, जो इस परियोजना को बड़े पैमाने पर तैयार कर रही है। जैकीय को पूरी तरह मनोरंजन से भरपूर व्यावसायिक फिल्म बताया जा रहा है, जिसमें एक्शन प्रमुख आकर्षण होगा। जैकीय ध्रुव विक्रम के करियर की चौथी फिल्म है। वहीं, यह मैत्री मूवी मेकर्स की चौथी तमिल फिल्म भी है। फिल्म में सात्विका मुख्य महिला किरदार निभाती नजर आएंगी। ट्रेलर जारी होने के बाद अब दर्शकों को फिल्म की रिलीज और इसके अन्य प्रचार संबंधी विवरणों का इंतजार है। ध्रुव विक्रम के एक्शन अवतार और स्टंट कलाकार के रूप में उनकी भूमिका को फिल्म की प्रमुख खासियत माना जा रहा है।

रामायण का नया ट्रेलर रिलीज, रावण यश का घमंड तोड़ने आ गए राम बने रणबीर कपूर

रामायणः राइज ऑफ द लीजेंड के नए ट्रेलर ने रिलीज होते ही दर्शकों के बीच जबरदस्त माहौल बना दिया है। बड़े पैमाने पर तैयार किए गए शानदार विजुअल इफेक्ट्स, जटायु का एक्शन सीक्वेंस और भगवान शिव की विशाल प्रतिमा की झलक ने प्रशंसकों का दिल जीत लिया है। सोशल मीडिया पर दर्शक इस भव्य सिनेमाई अनुभव की जमकर तारीफ कर रहे हैं। इस ट्रेलर ने फिल्म को लेकर दर्शकों की उत्सुकता और उम्मीदों को काफी बढ़ा दिया है। रिलीज हुए रामायणरू राइज ऑफ द लीजेंड के नए ट्रेलर ने इंटरनेट पर

तहलका मचा दिया है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बनी इस महागाथा में जटायु–रावण का खौफनाक युद्ध, भगवान शिव की अलौकिक झलक और परशुराम–राम का दिव्य संवाद देखकर प्रशंसकों के रोंगटे खड़े हो गए हैं। रणबीर कपूर (राम), साई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और सनी देओल (हनुमान) के इस महामुकाबले ने सोशल मीडिया पर सुनामी ला दी है। ट्रेलर में रावण को एक बेहद शक्तिशाली सम्राट दिखाया गया है, जिसके खौफ से देवता भी थर–थर कांपते हैं। यश का किरदार अत्यंत उग्र है, जो पूरी दुनिया पर अपना वर्चस्व जमाना चाहता है। उधर रणबीर का भगवान राम का रूप शांति, अपार धैर्य और धर्म का प्रतीक बनकर सामने आता है।

यामी गौतम ने धुरंधर 2 के लिए ली थी मोटी रकम ? अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

धुरंधर 2 2026 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली भारतीय फिल्म है, जो आदित्य धर के करियर की सबसे अहम फिल्म बन चुकी है। इसमें उनकी पत्नी और जानी–मानी अभिनेत्री यामी गौतम ने भी कैमियो रोल किया था। इसको लेकर काफी चर्चा हुई कि इस रोल के लिए यामी को मोटी रकम दी गई थी। हालांकि, अब अभिनेत्री ने खुद इस बारे में बात करते हुए बताया कि उन्होंने धुरंधर 2 के रोल के लिए फीस ली थी या नहीं। यामी इन दिनों अपनी नई फिल्म नई नवेली के प्रचार में व्यस्त हैं और इसी के चलते वह कोण होणार करोड़पति शो में पहुंची थीं। प्रोमो में माधुरी दीक्षित धुरंधर 2 में यामी के अभिनय को सराहती नजर आईं। उन्होंने यामी से पूछा कि उन्हें कैमियो के लिए पैसे मिले थे या उनके पति ने उन्हें केवल फिल्म का हिस्सा बनने को कहा था। यामी ने जवाब दिया, मैंने कहीं पढ़ा कि मुझे कैमियो के लिए बहुत बड़ा चेक मिला। यामी चेक मिलने की बात सुनकर दंग रह गई थीं। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि कुछ चीजें अनमोल होती हैं। आदित्य का यह कहना बहुत प्यारा था कि यामी, मैं चाहता हूं कि तुम बस गुड लक के लिए मेरी फिल्म में आओ और स्क्रीन पर छा जाओ। इसमें बहुत मजा आया।

बालों पर तेल और सीरम लगाने से हो जाते हैं चिपचिपे ? ऐसे करें इस्तेमाल

बालों की देखभाल के लिए तेल और सीरम का उपयोग करना फायदेमंद है। हालांकि, कई लोग इनका सही तरीके से इस्तेमाल नहीं कर पाते। गलत तरीके से इनका उपयोग करने पर बाल चिपचिपे और तेलीय हो सकते हैं। इस लेख में हम आपको बताएंगे कि आप तेल और सीरम का सही तरीके से उपयोग कैसे कर सकते हैं ताकि आपके बाल न चिपचिपे हों और न ही तैलीय।

तेल लगाने का सही तरीका

बालों पर तेल लगाने का सबसे सही तरीका है कि आप इसे रात भर छोड़ दें। रात को सोने से पहले बालों पर हल्का सा तेल लगाएं और इसे अच्छी तरह से मालिश करें। इससे तेल बालों की जड़ों तक पहुंचता है और उन्हें पोषण मिलता है। सुबह उठकर बालों को अच्छे शैंपू से ध ो लें ताकि अतिरिक्त तेल निकल जाए और बालों में कोई चिपचिपाहट न रहे।

सीरम का उपयोग कैसे करें?

सीरम लगाने का सही तरीका यह है कि इसे बालों की लंबाई पर ही लगाएं, जड़ों पर नहीं। जड़ों पर सीरम लगाने से चिपचिपाहट हो सकती है।

अपने हाथों पर थोड़ी मात्रा में सीरम लेकर उसे अपने बालों की

लंबाई पर लगाएं, खासकर उन हिस्सों पर जो सूखे या उलझे हुए हों।

इससे आपके बाल नरम, चमकदार और उलझन रहित रहेंगे, बिना किसी चिपचिपाहट के।

सही मात्रा में तेल और सीरम का उपयोग करें

तेल और सीरम की मात्रा बहुत जरूरी होती है। ज्यादा मात्रा लगाने से भी बाल चिपचिपे हो सकते हैं। हमेशा जरूरत अनुसार ही तेल और सीरम लें।

थोड़ी मात्रा में ही लें ताकि यह बालों में अच्छे से समा जाए। इससे आपके बालों में न तो चिपचिपाहट होगी और न ही कोई उलझन होगी।

सही मात्रा में उपयोग करने पर आपके बाल नरम, चमकदार और उलझन रहित रहेंगे।

समय–समय पर बदलाव करें

हर मौसम में बालों की जरूरतें बदलती रहती हैं इसलिए समय–समय पर अपने बालों के देखभाल के उत्पादों में बदलाव करें।

गर्मियों में हल्का तेल और मॉइस्चराइजिंग सीरम बेहतर रहेगा जबकि सर्दियों में गहरा तेल और हेवी डिफ्रिजिंग सीरम उपयोग करें। यह आपके बालों को मौसम के अनुसार सही पोषण देगा और उन्हें स्वस्थ बनाए रखेगा। इस तरह आप अपने बालों की देखभाल कर सकते हैं बिना किसी चिपचिपाहट के।

बालों की देखभाल में नियमितता बहुत अहम होती है इसलिए नियमित रूप से सही तरीके से तेल और सीरम का उपयोग करें। इससे आपके बाल स्वस्थ रहेंगे और उनमें कोई समस्या नहीं होगी। सही तरीके से तेल और सीरम का उपयोग करने पर आपके बाल न केवल सुंदर दिखेंगे बल्कि उन्हें पोषण भी मिलेगा। इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने बालों की देखभाल बेहतर तरीके से कर सकते हैं।

क्रुणाल पंड्या होंगे भारत के कप्तान
भुवनेश्वर की जगह खेजरोलिया को मौका

नई दिल्ली, एजेंसी। हांगकांग सिक्सेस 2026 में भारतीय टीम की कप्तानी ऑलराउंडर क्रुणाल पंड्या करेंगे। पहले भारतीय टीम की कप्तानी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार करने वाले थे, लेकिन 22 अक्टूबर से शुरू होने वाले न्यूजीलैंड दौरे के लिए भारतीय टीम में उनके चयन के बाद क्रुणाल को यह जिम्मेदारी दी गई। भुवनेश्वर कुमार की जगह हांगकांग सिक्सेस 2026 के लिए चुनी गई भारतीय टीम में तेज गेंदबाज कुलवंत खेजरोलिया को जगह दी गई है। हांगकांग सिक्सेस के लिए भारतीय टीम में क्रुणाल पंड्या और कुलवंत खेजरोलिया के अलावा शशांक सिंह, राहुल तेवतिया, नीतीश राणा, राहुल त्रिपाठी और टी. नटराजन को शामिल किया गया है। भारतीय टीम के खिलाड़ियों के पास आईपीएल और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का अनुभव है। साथ ही, टीम गेंदबाजी और बल्लेबाजी के लिहाज से संतुलित और मजबूत है। क्रिकेट हांगकांग, चीन के कमर्शियल और मार्केटिंग डायरेक्टर अनुराग भटनागर ने कहा, हम हांगकांग सिक्सेस 2026 में भुवनेश्वर कुमार को जरूर मिस करेंगे, लेकिन हमें उन्हें नेशनल टीम में बुलावा मिलने पर बहुत खुशी हो रही है। चार साल बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में उनकी वापसी एक खास मील का पत्थर है, और हम भारत के न्यूजीलैंड दौरे पर उनकी हर सफलता की कामना करते हैं। हम भविष्य में हांगकांग सिक्सेस में उनका स्वागत करने के लिए उत्सुक हैं। हांगकांग सिक्सेस 2026 का आयोजन 30 अक्टूबर से 1 नवंबर तक हांगकांग के टिन क्वांग रोड रिक्रिएशन ग्राउंड में किया जाएगा। टूर्नामेंट में कुल 12 टीमें हिस्सा लेंगी। भारत और पाकिस्तान को ग्रुप-सी में रखा गया है। इस ग्रुप की तीसरी टीम यूएई है। ग्रुप चरण में हर टीम को अपने ग्रुप की बाकी दोनों टीमों से मुकाबला करना है। इसके बाद प्रदर्शन के आधार पर टीमें कप, प्लेट और बाउल वर्गों में आगे बढ़ेंगी। हांगकांग सिक्सेस का फॉर्मेट अनोखा है।

शुभमन गिल का रणजी ट्रॉफी में वापसी पर निराशाजनक रहा प्रदर्शन

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की रणजी ट्रॉफी में बहुप्रतीक्षित वापसी रविवार को बेहद निराशाजनक रही। वह न्यू चंडीगढ़ के न्यू पीसीए स्टेडियम में छत्तीसगढ़ क्रिकेट टीम के खिलाफ पंजाब क्रिकेट टीम की ओर से खेल रहे थे। चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने आए गिल 5 गेंदों का सामना करने के बाद बाएं हाथ के स्पिनर अजय मंडल की गेंद पर बोल्ड होने से पहले केवल एक रन ही बना सके। मंडल की सीधी गेंद पर गिल क्लीन बोल्ड हो गए। गेंद उनके बल्ले और पैड के बीच से निकलकर बीच के स्टंप पर जा लगी।? वह रणजी ट्रॉफी के पहले दौर में नहीं खेल पाए थे। लेकिन न्यूजीलैंड के 6 सप्ताह के दौरे से पहले फॉर्म वापसी के लिए उन्होंने दूसरे दौर में वापसी की।

वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान में बुलंद की गई लोकतांत्रिक अधिकारों की आवाज :डा. मुकेश शर्मा

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

गुरुग्राम। कांग्रेस के वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत निकाले गए मशाल मार्च में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉ. मुकेश शर्मा शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इस विशाल मशाल मार्च में लोकतांत्रिक अधिकारों की सुरक्षा की आवाज बुलंद की गई। मशाल मार्च में कांग्रेस सभी शीर्ष नेताओं ने चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत जनता के मताधिकार में निहित है और इस अधिकार की रक्षा करना सरकार तथा संवैधानिक संस्थाओं की सामूहिक जिम्मेदारी है। डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था का आधार है। चुनाव प्रक्रिया को लेकर जब भी कोई गंभीर सवाल उठता है, तो उसका समाधान तथ्यों, पारदर्शिता और जिम्मेदार जवाबदेही के माध्यम से किया जाना चाहिए। उन्होंने भाजपा सरकार, चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त से मांग की कि चुनावी निष्पक्षता को लेकर उठाए जा रहे सवालों पर स्पष्ट, तर्कसंगत और तथ्यपरक जवाब दिया जाए, ताकि मतदाताओं के मन में किसी प्रकार का संशय न रहे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में केवल चुनाव कराना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि चुनाव प्रक्रिया का निष्पक्ष होना और आम नागरिकों का उस पर विश्वास कायम रहना भी उतना ही आवश्यक है। प्रत्येक मतदाता को यह भरोसा होना चाहिए कि उसका वोट सुरक्षित है, उसकी आवाज का सम्मान किया जाता है। उन्होंने कहा कि मताधिकार नागरिकों को संविधान से प्राप्त एक महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक अधिकार है। इसकी गरिमा बनाए रखने के लिए चुनाव से जुड़ी प्रत्येक प्रक्रिया में पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही सुनिश्चित की जानी चाहिए। सवाल उठे हैं और प्रमाण मिले हैं तो चुनाव आयोग और सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और सवाल उठाना नागरिकों तथा राजनीतिक दलों का अधिकार है। चुनावी प्रक्रिया देश के लोकतांत्रिक भविष्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इसलिए इन सवालों का उत्तर देना संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी का हिस्सा है। डॉ मुकेश शर्मा ने कहा कि मशाल जुलूस में हरियाणा कांग्रेस प्रभारी संजय दत्त, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, पूर्व सांसद राज बब्बर और पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अशोक तंवर सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। इस दौरान 'वोट बचाओ, देश बचाओ' अभियान के माध्यम से मताधिकार की सुरक्षा, चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। डॉ. मुकेश शर्मा ने कहा कि एक मजबूत लोकतंत्र की पहचान केवल उसकी चुनावी प्रक्रिया से नहीं बल्कि जनता के उस प्रक्रिया पर अटूट विश्वास से होती है।

भुवनेश्वर कुमार ने लगभग 4 साल बाद की टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वापसी, बनाया ये दिलचस्प रिकॉर्ड

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच सीरीज का 5वां और आखिरी टी-20 मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारत की पहली पारी के दौरान बारिश का खलल देखने को मिला और मैच संभव नहीं हो सका। इस मुकाबले के जरिए भुवनेश्वर कुमार ने वापसी की। वह टी-20 अंतरराष्ट्रीय में सर्वाधिक मैचों के अंतराल के बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले खिलाड़ी बने। आइए इस बारे में जानते हैं। भुवनेश्वर ने 3 साल और 340 दिन के अंतराल में 106 मैचों के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय में वापसी की। इससे पहले उन्होंने नवंबर 2022 में अपना पिछला टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। भुवनेश्वर ने खलील अहमद का पिछला रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 104 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के अंतराल पर वापसी की थी। खलील ने नवंबर 2019 से जुलाई 2024 में (4 साल और 237 दिन) भारतीय टीम में वापसी की थी। भारत के लिए दिनों के हिसाब से सबसे लंबे अंतराल का रिकॉर्ड दिनेश कार्तिक के नाम है। उन्होंने 7 साल और 57 दिनों (12 मई, 2010 से 8 जुलाई, 2017) की अवधि के दौरान 56 मैच मिस किए थे। भुवनेश्वर ने नवंबर 2022 में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना आखिरी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। भुवनेश्वर ने 88 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों के बाद 23.10 की औसत से 90 विकेट लिए हैं।

मिडलर-ओबरलीटनर, बिना एक भी सेट गंवाए जीता डबल्स खिताब

शंघाई, एजेंसी। ऑस्ट्रियाई जोड़ी लुकास मिडलर,नील ओबरलीटनर ने रविवार को फ्रांसिस्को कैब्राल और जेजे ट्रेसी के खिलाफ 6-3, 6-4 से जीत दर्ज करते हुए शंघाई मास्टर्स डबल्स का खिताब अपने नाम किया। ऑस्ट्रिया की इस जोड़ी ने एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए बगैर कोई सेट गंवाए सभी पांच मैच अपने नाम किए। किझोंग फॉरेस्ट स्पोर्ट्स सिटी एरीना में खेले गए इस मुकाबले में, मिडलर और ओबरलीटनर ने 66 मिनट में जीत दर्ज की। उन्होंने हर सेट में एक-एक बार अपने विरोधियों की सर्विस ब्रेक की। इसके अलावा, मिडलर और ओबरलीटनर मास्टर्स 1000 सीरीज (जो 1990 में शुरू हुई थी) में खिताब जीतने वाली पहली पूरी तरह से ऑस्ट्रियाई जोड़ी बन गई है।

श्रेयस अय्यर ने की शाई होप के दमदार प्रदर्शन की तारीफ, दिया बड़ा अहम बयान

नईदिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम और वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के बीच खेली गई 5 मैचों की टी-20 सीरीज 2-2 की बराबरी पर समाप्त हो गई है। बेंगलुरु में खेला गया 5वां और निर्णायक मुकाबला भारी बारिश के कारण रद्द करना पड़ा। इस सीरीज में कैरेबियन कप्तान शाई होप एक अहम खिलाड़ी बनकर उभरे, जिन्होंने दो निर्णायक शतक लगाकर सीरीज के नतीजे पर असर डाला। सीरीज के बाद भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी होप के शानदार प्रदर्शन की सराहना की है। श्रेयस ने स्वीकार किया कि दूसरे और चौथे मैच में भारत की गेंदबाजी बेहतर हो सकती थी और यही वो मैच थे जिनमें भारत को हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने बल्लेबाजी प्रदर्शन की प्रशंसा की, लेकिन इस बात पर जोर दिया कि क्रियान्वयन में वे असफल रहे। उन्होंने कहा, जहां जिसका श्रेय बनता है, वहां निश्चित रूप से दिया जाना चाहिए। वेस्टइंडीज के बल्लेबाजों ने असाधारण खेल दिखाया और विशेष रूप से शाई होप ने बेहद शानदार प्रदर्शन किया। होप ने अपनी सफलता में आत्मविश्वास के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा, ईमानदारी से कहूं तो, जब भी मैं बल्लेबाजी करने उतरता हूं, भले ही मैंने पिछली 2, 3, 4 पारियों में कोई रन न बनाया हो, फिर भी मुझे विश्वास रहता है कि मैं काम पूरा कर सकता हूं। उन्होंने क्रिकेट के प्रति अपने दृष्टिकोण के एक महत्वपूर्ण हिस्से के रूप में तटस्थ रहने और परिणाम देने की अपनी क्षमता पर भरोसा करने पर भी जोर दिया। होप ने 4 पारियों में 261 रन बनाए, जिनमें से 204 रन 2 मैचों में सिर्फ 95 गेंदों पर बनाए। टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन के लिए होप को प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया। वनडे सीरीज में भी होप ने 3 मैचों में 2 शतक बनाए थे।

पुलिस स्मृति दिवस पर 21 अक्टूबर को गुरुग्राम में मेगा मेडिकल कैंप एवं प्रतिभा सम्मान समारोह

लोकेश कुमार गुरुग्राम। राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस के अवसर पर पुलिस शहीद फाउंडेशन, हरियाणा द्वारा 21 अक्टूबर को प्रातः 8 बजे मीटिंग हॉल, जिला पुलिस लाइन, गुरुग्राम में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों के कल्याणार्थ मेगा मेडिकल कैंप एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त सिर्बास कबीराज मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। फाउंडेशन के अध्यक्ष एडवोकेट आरएल शर्मा ने बताया कि मेगा मेडिकल कैंप आर्टिमिस हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित किया जाएगा। कैंप में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट सेवाओं, कर्तव्यनिष्ठा एवं ईमानदारी के लिए 21 पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही, कक्षा 10वीं एवं 12वीं में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले पुलिस कर्मियों के मेधावी बच्चों को प्रतिभा सम्मान प्रदान कर प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय पुलिस स्मृति दिवस प्रत्येक वर्ष 21 अक्टूबर को उन वीर पुलिसकर्मियों की स्मृति में मनाया जाता है, जिन्होंने देश की सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। यह दिवस 21 अक्टूबर 1959 को लद्दाख के हॉट स्प्रिंग्स क्षेत्र में चीनी सैनिकों के हमले में शहीद हुए सीआरपीएफ के 10 जवानों के अदम्य साहस और बलिदान की स्मृति से जुड़ा है। एडवोकेट आर.एल. शर्मा ने कहा कि पुलिसकर्मी कठिन परिस्थितियों में जिन सेवा एवं सुरक्षा में जुटे रहते हैं। उनके का सम्मान करना तथा उनके परिवारों के स्वास्थ्य समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।

ग्राहम एक्ट लागू पर छूट का ऐलान, रूस से तेल खरीद पर भारत-चीन को फिलहाल टैरिफ से राहत

वाशिंगटन, एजेंसी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूसी तेल खरीदने वाले देशों को निशाना बनाने वाले एक नए कानून के तहत दंडात्मक शुल्क (टैरिफ) लागू कर दिया है। हालांकि, उन्होंने एक ही आदेश में इस शुल्क को तुरंत निलंबित (वेव) भी कर दिया। इसके चलते भारत और चीन जैसे देशों पर 100 प्रतिशत का भारी-भरकम आयात शुल्क लगने से बच गया है। यह फैसला उस समय आया है जब अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो भारत दौरे पर रवाना हो रहे हैं। व्हाइट हाउस की ओर से देर रात जारी किए गए इस आदेश के जरिए लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शन्स रशिया एंड ईरान एक्ट 2026 को लागू किया गया। ट्रंप ने इस कानून पर 18 सितंबर को हस्ताक्षर किए थे। कानून के मुताबिक, रूस से तेल और गैस खरीदने वाले सबसे बड़े देशों पर 30 दिनों के भीतर 100 प्रतिशत तक अतिरिक्त शुल्क लगाया जाना था। इसकी समयसीमा 18 अक्टूबर को पूरी हो रही है। आदेश के अनुसार, अगर कोई देश 18 अक्टूबर 2026 या उसके बाद रूस से नया कच्चा तेल या प्राकृतिक गैस खरीदता है, तो रूसी तेल और गैस के पांच सबसे बड़े आयातकों से आने वाले सामान पर 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाया जा सकता है। इसी तरह, रूस पर लगे तेल प्रतिबंधों से बचने में मदद करने वाले शीर्ष पांच देशों या संस्थाओं के सामान पर भी 100 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क लगाने का प्रावधान है। वहीं, रूस से आने वाले सामान पर शुल्क 500 प्रतिशत तक बढ़ाने की बात भी कही गई है। लेकिन आदेश की धारा 4 में इन सभी उपायों को तुरंत निलंबित कर दिया गया। ट्रंप ने लिखा, मैं इसके द्वारा ग्राहम एक्ट की धारा 112 और 113, या इस आदेश के तहत लगाए गए किसी भी शुल्क को माफ करता हूं। इसके अलावा, इस कानून के तहत विदेशी व्यक्तियों और संस्थाओं पर लगने वाले ज्यादातर प्रतिबंधों को भी छूट दे दी गई है। आदेश में कहा गया है कि यह छूट तब तक जारी रहेगी, जब तक राष्ट्रपति या विदेश मंत्री, वित्त मंत्री और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि से सलाह-मशविरा करने के बाद यह न तय कर लें कि आगे और कार्रवाई की जरूरत है। हालांकि, आदेश में किसी भी देश का नाम नहीं लिया गया है। ट्रंप ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस को वह लिखित प्रमाणन भेज दिया है, जिसकी इस कानून में जरूरत थी। इसमें कहा गया है कि यह छूट अमेरिका के राष्ट्रीय हित में है। साथ ही एक रिपोर्ट भी भेजी गई है जिसमें इस फैसले के कारण बताए गए हैं। हालांकि, न तो प्रमाणन और न ही रिपोर्ट सार्वजनिक की गई है। फिर भी दबाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।

सोना इस हफ्ते तीन हजार रुपए और चांदी दस हजार रुपए से अधिक सस्ती हुई

नई दिल्ली, एजेंसी। सोने और चांदी में इस हफ्ते बड़ी गिरावट देखने को मिली, जिससे दोनों कीमती धातुओं का दाम क्रमशः 3,000 रुपए और 10,000 रुपए से अधिक घट गया। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने का दाम इस हफ्ते 3,004 रुपए कम होकर 1,46,426 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जबकि पहले यह 1,49,430 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। 22 कैरेट सोने की कीमत कम होकर 1,34,126 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,36,878 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 18 कैरेट सोने का दाम कम होकर 1,09,820 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है, जो कि पहले 1,12,073 रुपए प्रति 10 ग्राम था।

अगला हफ्ता शेयर बाजार के लिए बेहद अहम, तिमाही नतीजे एफआईआई निवेश और वैश्विक संकेत तय करेंगे दिशा

मुंबई, एजेंसी। अगला सप्ताह भारतीय शेयर बाजार के लिए बड़ा अहम होने वाला है। सितंबर तिमाही (क्यू2) के नतीजों, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के निवेश रुख, वैश्विक बॉन्ड यील्ड और कच्चे तेल की कीमतें बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभा सकती हैं। निवेशक यह आकलन करेंगे कि हालिया मजबूत तेजी के बाद बाजार अपनी गति को बरकरार रख पाता है या नहीं। बीते सप्ताह की बात करें तो, निफ्टी 50 में 2.77 प्रतिशत और सेंसेक्स में 3.11 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। इस तेजी को सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) शेयरों में नई खरीदारी, वैश्विक बॉन्ड यील्ड के दबाव में कमी और घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की लगातार खरीदारी का समर्थन मिला। शुक्रवार को भी दोनों प्रमुख सूचकांकों ने लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में बढ़त दर्ज की, जिससे हालिया करेक्शन के बाद बाजार में रिकवरी की उम्मीदें और मजबूत हुईं। सेंसेक्स 413.66 अंक यानी 0.56 प्रतिशत बढ़कर 74,729.27 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 में 148.80 अंकों या 0.65 प्रतिशत की तेजी आई और यह 23,146.15 के स्तर पर बंद हुआ। पूरे सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 2,256.94 अंकों और निफ्टी में 625.7 अंकों की बढ़त दर्ज की गई। अब बाजार प्रतिभागियों की नजर सितंबर तिमाही के नतीजों पर रहेगी। निवेशक यह देखेंगे कि हालिया तेजी केवल आईटी शेयरों तक सीमित रहती है या अन्य सेक्टरों में भी फैलती है। बैंकिंग, उपभोक्ता और औद्योगिक कंपनियों के नतीजों तथा प्रबंधन की टिप्पणियों पर विशेष नजर रहेगी, ताकि राजस्व वृद्धि, मार्जिन में सुधार और मांग की स्थिति का आकलन किया जा सके। आने वाली तिमाहियों के लिए कंपनियों द्वारा जारी मार्गदर्शन (गाइडेंस) भी निवेशकों की धारणा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मजबूत नतीजे और सकारात्मक कारोबारी संकेत बाजार को समर्थन दे सकते हैं, जबकि कमजोर प्रदर्शन या सतर्क रुख आगे की तेजी को सीमित कर सकता है। बाजार की दिशा तय करने में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) का रुख भी अहम रहेगा। हालांकि विदेशी निवेशकों की बिकवाली में कुछ कमी आई है, लेकिन यदि यह सिलसिला जारी रहा तो बाजार पर दबाव बन सकता है। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) की लगातार खरीदारी बाजार को सहारा दे सकती है। वैश्विक बॉन्ड यील्ड और मौद्रिक नीति को लेकर उम्मीदें भी निवेशकों के फोकस में रहेंगी। यदि बॉन्ड यील्ड में फिर से तेजी आती है।

एकता बिश्नोई का वर्ल्ड मास्टर्स क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में जलवा

रेनो, एजेंसी। भारतीय राजस्व सेवा (आईआरएस) अधिकारी एकता बिश्नोई ने यूनाइटेड स्टेट्स में वर्ल्ड मास्टर्स क्लासिक पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन गोल्ड मेडल जीतकर रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज करा लिया है। एकता ने कुल 362.5 किलोग्राम वजन उठाकर शानदार प्रदर्शन किया और जापान व कनाडा की मजबूत प्रतिद्वंद्वियों को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इसके साथ ही वह मास्टर्स-2 कैटेगरी में इस चैंपियनशिप का गोल्ड जीतने वाली पहली भारतीय महिला पावरलिफ्टर बन गई हैं। एकता एक आईआरएस अधिकारी के तौर पर अपनी हाई-स्टेक्स सरकारी जिम्मेदारियों के साथ-साथ कड़ी पावरलिफ्टिंग ट्रेनिंग भी कर रही हैं।

कच्चे तेल का दाम 2027 तक कम होकर 80 डॉलर प्रति बैरल रहने की उम्मीद: रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल का दाम कम होकर 2027 में 80 डॉलर प्रति बैरल तक आ सकता है। इसकी वजह मध्य पूर्व से आपूर्ति बहाल होना और बाजार में मांग के मुकाबले आपूर्ति अधिशेष में जाने की संभावना है। यह जानकारी एक नई रिपोर्ट में दी गई। गोल्डमैन सैश की रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष के फिर से तेज होने से कीमतें लंबे समय तक ऊंची बनी रह सकती हैं। अपने निकट-अवधि के अनुमान में बदलाव करते हुए, निवेश बैंक ने दिसंबर 2026 में बेंचमार्क ब्रेंट की कीमत 90 डॉलर प्रति बैरल रहने का अनुमान लगाया है, जो पहले 85 डॉलर प्रति बैरल था। वहीं, 2027 में इसके औसतन 80 डॉलर प्रति बैरल रहने की उम्मीद जताई है। मध्य पूर्व से तेल निर्यात में सुधार, फारस की खाड़ी के बाहर उत्पादन में वृद्धि और मांग में कमी के कारण वैश्विक स्तर पर आपूर्ति की कमी काफी कम हो रही है। जैसे-जैसे निर्यातकों ने संघर्ष के माहौल में खुद को ढाला और परिवहन क्षमता बढ़ाई, सितंबर के अंत तक फारस की खाड़ी से तेल का निर्यात वापस 2025 के औसत स्तर के करीब पहुंच गया।

प्रकाशक, मुद्रक एवम् संपादक विजय दुबे द्वारा 62, पार्वती नगर, पाण्डेयपुर, वाराणसी से प्रकाशित व काशी प्रिंटर्स, मिन्ट हाउस, वाराणसी से मुद्रित। समस्त विवादों को लखनऊ की सक्षम अदालतों में निपटाया जायेगा।

फोन : 91 8787220970
91 9839666352

आर.एन.आई.रू.UPHIN/2008/32231
डाक पंजीयन : जी-2/न्यूज पेपर/59/2004.
E-mail: lokhastakshep@gmail.com

संपादकः विजय दुबे
कार्यकारी संपादकः दीप्ती दुबे '
संपादकीय सलाहकार : राधाकृष्ण मिश्र

'समाचारों के चयन व संपादन हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी



हरियाणा कांग्रेस प्रदेश के 13 शहरों में प्रेस कांफ्रेंस कर नायब सरकार के दो साल का मांगेगी हिसाब

– नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा, सांसद कुमारी सैलजा, दीपेंद्र हुड्डा और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह समेत कई वरिष्ठ नेता संभालेंगे मोर्चा

– महंगाई, बेरोजगारी और कानून–व्यवस्था के मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी

राजेंद्र सिंह जादौन

चंडीगढ़। हरियाणा में भाजपा सरकार के तीसरे कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर प्रदेश कांग्रेस ने सरकार को घेरने की तैयारी कर ली है। आगामी 21 अक्टूबर को प्रदेश के 13 शहरों में एक साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता नायब सरकार के दो साल के कामकाज पर सवाल उठाएंगे। कांग्रेस इन प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए महंगाई, बेरोजगारी, कानून–व्यवस्था और चुनावी वादों को लेकर भाजपा सरकार से जवाब मांगेगी।

कांग्रेस ने इस अभियान के लिए प्रदेश के अलग–अलग जिलों में वरिष्ठ नेताओं की जिम्मेदारी तय की है। नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा दिल्ली में, सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा रोहतक में, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह सिरसा में और सांसद कुमारी सैलजा चंडीगढ़ में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी। पार्टी का कहना है कि प्रदेश का हर वर्ग सरकार की नीतियों से परेशान है और उसे अपने मुद्दों पर जवाब चाहिए।

कांग्रेस ने भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल को लेकर महंगाई, बेरोजगारी, कानून–व्यवस्था और चुनावी वादों को प्रमुख मुद्दा बनाया है। पार्टी का आरोप है कि किसान, मजदूर, युवा, महिलाएं, विद्यार्थी और छोटे व्यापारी सरकार की नीतियों से परेशान हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सरकार को जनता के सामने अपने कामकाज का हिसाब रखना चाहिए। पार्टी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पर भी निशाना साधा है। कांग्रेस का आरोप है कि मुख्यमंत्री प्रदेश की समस्याओं पर ध्यान देने के बजाय दूसरे राज्यों के दौरों में व्यस्त हैं। कांग्रेस ने सरकार के दो साल के कार्यकाल को लेकर कई नारे भी तैयार किए हैं। इनमें श्दो साल का हिसाब दो, हरियाणा को जवाब दोश, श्तीसरे कार्यकाल का दूसरा साल, हरियाणा बेहालश और श्जश्न सत्ता का, दर्द जनता काश जैसे नारे शामिल हैं। पार्टी इन नारों के जरिए सरकार की नीतियों और कामकाज को जनता के बीच मुद्दा बनाने की कोशिश करेगी। कांग्रेस की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार, सिरसा में प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, दिल्ली में भूपेंद्र सिंह हुड्डा, चंडीगढ़ में कुमारी सैलजा और रोहतक में सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे।इसके अलावा फरीदाबाद में चौधरी बीरेंद्र सिंह, पानीपत में धर्मपाल सिंह मलिक, भिवानी में डॉ. अशोक तंवर, करनाल में चौध ारी उदय भान, हिसार में सांसद जय प्रकाश, अंबाला में सांसद वरुण मुलाना, सोनीपत में सांसद सतपाल ब्रह्मचारी, कुरुक्षेत्र में सांसद कर्मवीर बौद्ध और गुरुग्राम में पूर्व सांसद राज बब्बर प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करेंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला 21 अक्टूबर को गुजरात के प्रभारी के तौर पर संगठनात्मक दौरे पर रहेंगे। इस कारण वह हरियाणा में होने वाली इन प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल नहीं होंगे।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के हरियाणा प्रभारी संजय दत्त और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह के अनुसार, इन प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए भाजपा सरकार के दो साल के कार्यकाल की समीक्षा की जाएगी। कांग्रेस नेताओं का मुख्य जोर जनता से जुड़े मुद्दों को उठाने और सरकार से चुनावी वादों पर जवाब मांगने पर रहेगा।

विधायक मुकेश शर्मा के नेतृत्व में नशा मुक्त भारत पैदल महायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

संवाददाता

गुरुग्राम । नशा मुक्त भारत के संकल्प को जन–जन तक पहुँचाने और युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखने के उद्देश्य से गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा के नेतृत्व में शारदीय नवरात्रि की महाअष्टमी के पावन अवसर पर 'नशा मुक्त भारत रू विशाल पैदल महायात्रा' का आयोजन किया गया। विधायक आवास से श्री शीतला माता मंदिर तक निकली इस महायात्रा में हजारों की संख्या में पार्षदगण, भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, युवा साथी, मातृशक्ति, श्रद्धालु और गुरुग्राम के परिवारजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए। महायात्रा में उमड़े जनसैलाब ने नशे के विरुद्ध एकजुट होकर आवाज बुलंद की और स्वस्थ, संस्कारवान एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। इस जनभागीदारी ने संदेश दिया कि नशे के खिलाफ लड़ाई में समाज के प्रत्येक वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण है और सामूहिक प्रयासों से ही इस बुराई को जड़ से मिटाया जा सकता है। विधायक मुकेश शर्मा ने महायात्रा के प्रथम दिवस से लेकर अंतिम दिवस तक साथ चलने वाले सभी श्रद्धालुओं, मातृशक्ति, युवा साथियों, पार्टी कार्यकर्ताओं एवं सहयोगियों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें संस्कार, सकारात्मक सोच और बेहतर भविष्य की दिशा में प्रेरित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। विधायक शर्मा ने महायात्रा के दौरान माँ शीतला के चरणों में सभी परिवारों की सुख–समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। साथ ही, नशा मुक्त भारत के संकल्प को जन–जन तक पहुँचाने और गुरुग्राम को नशा मुक्त बनाने की दिशा में निरंतर प्रयास करने का संदेश दिया गया। साथ ही, महानवमी के पावन अवसर पर विधायक मुकेश शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ एवं पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ श्री शीतला माता मंदिर तक पदयात्रा कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने माँ शीतला से प्रार्थना की कि सभी के जीवन में सुख–समृद्धि और खुशहाली बनी रहे तथा हमें युवाओं को नशे से दूर रखकर एक स्वस्थ, संस्कारवान और सशक्त समाज बनाने की शक्ति प्रदान करें।

पूर्व राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ के साथ जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने किए माँ के दर्शन

संवाददाता

गुरुग्राम । भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ के निवास स्थान से माँ शीतला माता मंदिर तक आयोजित पदयात्रा में भाजपा गुरुग्राम के जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी शामिल हुए। विधायक मुकेश शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ पदयात्रा में सहभागिता की। मंदिर पहुँचकर सर्वप्रिय त्यागी ने ओम प्रकाश ध ानखड़ एवं गुरुग्राम विधानसभा विधायक मुकेश शर्मा एवं कार्यकर्ताओं के साथ माँ शीतला के दर्शन किए। विधिवत पूजा–अर्चना कर उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की कामना की। त्यागी ने कहा कि माँ शीतला का पावन धाम हमारी आस्था और सांस्कृतिक परंपराओं का प्रमुख केंद्र है। ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एकता, सद्भाव और सेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने प्रार्थना की कि माँ की कृपा प्रत्येक परिवार पर बनी रहे और हर घर में सुख–शांति एवं समृद्धि का वास हो। समस्त क्षेत्रवासियों को दशहरा एवं विजयादशमी की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की विजय का यह पर्व हमें मर्यादा, सदाचार एवं कर्तव्यनिष्ठा का संदेश देता है। भगवान श्रीराम के आदर्शों को अपनाते हुए हमें समाज में भाईचारा बढ़ाने और जनकल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लेना चाहिए। भाजपा गुरुग्राम के जिला मीडिया प्रभारी अजय दुआ ने बताया कि पदयात्रा में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं आमजन ने श्रद्धापूर्वक भाग लिया। माँ शीतला के दरबार में पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख–शांति, खुशहाली एवं समस्त क्षेत्रवासियों के कल्याण की प्रार्थना की गई। पदयात्रा में प्रदेश मंत्री हरिवंद कोहली, प्रदेश किसान मोर्चा अध्यक्ष महेश चौहान, जिला महामंत्री मनीष सैदपुर, डिप्टी मेयर अनूप सिंह भांभू, जिला सोशल मीडिया प्रमुख राजन चौहान, गाडौली मंडल अध्यक्ष लोकेश कटारिया, मंडल अध्यक्ष रेनू सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रियव्रत कटारिया, पार्षद आशीष गुप्ता, पार्षद विजय परमार,प्रदेश सह–प्रमुख मनीष गाडौली, प्रवक्ता सुशीला कटारिया सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

हरियाणा में फिल्म निर्माता अमित जानी की कार हथियार लहरा कर रुकवाने का प्रयास

लोक हस्तक्षेप संवाददाता

चंडीगढ़। हरियाणा के मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हाल में अपने कार्यकाल के दो साल पूरे होने पर बड़े बड़े दावे किए लेकिन उनकी सरकार सुरक्षा वातावरण बनाने में नाकाम रही है। अब सोनीपत में नेशनल हाईवे–352ए पर देवड़ू गांव के सामने मशहूर फिल्म निर्माता अमित जानी का पीछा कर कुछ अज्ञात संदिग्धों द्वारा हथियार दिखाकर गाड़ी रुकवाने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। वारदात के वक्त अमित जानी के साथ गाड़ी में फिल्म निर्देशक भारत सिंह श्रीनेत समेत कई अन्य लोग भी सवार थे। अमित जानी को केंद्र सरकार की ओर से वाई श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। घटना के तुरंत बाद उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी और मामले की लिखित शिकायत पुलिस को सौंपी। अमित जानी द्वारा पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, वे अपनी टीम के साथ जम्मू से लौट रहे थे। जब उनकी गाड़ी सोनीपत में नेशनल हाईवे–352ए पर देवड़ू गांव के पास पहुंची, तो रात करीब 9 बजे एक सफेद रंग की कार में सवार संदिग्ध लोगों ने उनकी गाड़ी का पीछा किया और हथियार लहराकर गाड़ी रुकवाने का प्रयास किया। अचानक हुए इस घटनाक्रम से गाड़ी मेंसवार लोगोंमेंअफरा–तफरी मच गई और उन्होंने अपनी जान का खतरा भांपते हुए तुरंत गाड़ी आगे निकाली व पुलिस सहायता मांगी। फिल्म निर्माता अमित जानी ने पुलिस को दी शिकायत में साफ किया कि उन्हें पहले भी लॉरेंस बिश्नोई गैंग के कुख्यात गैंगस्टर रोहित गोदारा और गोल्डी बराड़ की तरफ से जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। इसी पृष्ठभूमि और रंजिश के चलते उन्होंने आशंका जताई है कि बदमाशों की मंशा उन पर हमला करने की थी। अमित जानी ने पहले कुंडली थाना और फिर मुरथल थाना पुलिस को लिखित शिकायत सौंपी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए मुरथल थाना पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी है। पुलिस हाईवे और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि सफेद रंग की कार और उसमें सवार संदिग्धों की पहचान की जा सके।